


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 06 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष -42 ■ अंक-158 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


### नक्सल डंप से पिस्टल, वॉकी-टॉकी और विस्फोटक बरामद

**कोंडागांव,6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुष्पपाल क्षेत्र के जंगलों में नक्सल डंप मिला है. जवानों ने कार्रवाई के दौरान पिस्टल, बारूद, वायर, वॉकी-टॉकी समेत अन्य सामग्री बरामद किया है. भले ही छत्तीसगढ़ में नक्लवाद समाप्त हो गया है, लेकिन जमीन के नीचे अभी भी नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियार मौजूद है. इनकी बारमदगी के लिए सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है. इस बीच रविवार को जवानों ने पुष्पपाल क्षेत्र के घने जंगल में अभियान के दौरान नक्सल डंप बरामद किया. जानकारी के मुताबिक, नक्सल डंप में भारी विस्फोटक सामाग्री बरामद की गई है. बीडीएस की मदद से सभी सामाग्री को डंप से सुरक्षित बाहर निकाला गया. इसमें पिस्टल, लगभग 6 वॉकी-टॉकी, बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले वायर और भारी मात्रा में बारूद बरामद किया गया है. पुलिस जल्द ही इस कार्रवाई को लेकर खुलासा करेगी. फिलहाल अभियान के बाद सभी जवान कैंप में वापस सुरक्षित लौट आए हैं.

### मस्जिद के मलबे के नीचे मिला 15 फीट गहरा कुआं

**सहारनपुर,6 सितंबर।** कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद गिराए जाने के करीब 24 घंटे बाद रविवार को मलबा हटाने के दौरान एक कुआं मिला है। मलबा साफ कर रही टीम को यह कुआं मस्जिद के नीचे मिला। बताया जा रहा है कि कुएं की गहराई करीब 15 फीट और चौड़ाई करीब डेढ़ मीटर है। कुएं के ऊपर एक भारी स्लैब डाला गया था। जब पोकलेन मशीन से स्लैब नहीं टूटा तो टीम ने कटर की मदद से उसे हटाया। स्लैब हटाते ही नीचे कुआं दिखाई दिया। फिलहाल यह साफ नहीं है कि कुआं कब बनाया गया था और यह कितना पुराना है। कलेक्ट्रेट परिसर में सरकारी जमीन पर बनी दो मंजिला मस्जिद को शनिवार सुबह प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर से गिराया गया था। यह कार्रवाई जिला जज न्यायालय के 2 सितंबर के आदेश के बाद की गई। कार्रवाई के लिए सुबह-सुबह सात बुलडोजर लगाए गए थे। इससे पहले सिटी मजिस्ट्रेट ने 16 जुलाई को अपने आदेश में मस्जिद के निर्माण को अवैध माना था।मस्जिद पक्ष ने सिटी मजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ जिला जज की अदालत में अपील की थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद जिला जज ने 2 सितंबर को सिटी मजिस्ट्रेट के फैसले को बरकरार रखते हुए अपील खारिज कर दी थी.इस मामले की शुरुआत बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी की शिकायत से हुई थी। उन्होंने जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत भेजकर आरोप लगाया था कि कलेक्ट्रेट परिसर में सरकारी जमीन पर कब्जा करके मस्जिद बनाई गई है। शिकायत की जांच के बाद 24 मार्च 2025 को सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में मामला दर्ज किया गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश लोक परिसर (अनधिकृत अध्यासियों की बेदखली) अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी।

**श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में PM मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला**

# 'नाराज फूफा' हर अच्छे काम में अड़ंगा डालते हैं

**नई दिल्ली ,6 सितंबर।** दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की 100 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए संस्थान से जुड़ी कई पीढ़ियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स का शताब्दी समारोह केवल कॉलेज के लिए ही नहीं, बल्कि देश के शिक्षा क्षेत्र के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। समारोह में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी नेताओं की तुलना शादी में मौजूद ऐसे 'नाराज फूफा' से की, जो हर अच्छे काम में सवाल खड़े करते हैं। पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग हर काम पर पूछते रहते हैं कि इसकी क्या जरूरत थी और उसकी क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि यह ठीक वैसा ही है जैसे शादी में नाराज फूफा हर बात पर सवाल उठाते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने पुराने उदाहरण का जिक्र करते हुए कहा कि वह गिलास को आधा खाली नहीं, बल्कि पूरा भरा हुआ देखते हैं। उनके मुताबिक गिलास आधा पानी और आधा हवा से भरा है। पीएम मोदी ने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि देश को निराशा से निकालकर आशा और आत्मविश्वास के रास्ते पर ले जाना जरूरी है।



प्रधानमंत्री ने 2013 के दौर की आर्थिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय 'ग्रोथ फर्श पर थी और महंगाई अर्श पर' थी। उन्होंने युवाओं से उस दौर की परिस्थितियों को समझने की अपील की और कहा कि नई पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि भारत ने पिछले वर्षों में कितना बदलाव देखा है। उन्होंने दावा किया कि 2013 के मुकाबले आज भारत की स्थिति काफी मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करता है। जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक शांति की स्थिति में सुधार हुआ है और नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि देश ने बीते वर्षों में कई मोर्चों पर बदलाव देखा है और यह बदलाव भारत की नई आत्मविश्वासी तस्वीर को दर्शाता है। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि सच की हुंकार के आगे झूठ की गूंज टिक नहीं सकेगी। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग 'माई-बाप' कल्चर के हिमायती हैं, उनके सामने वह चट्टान बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि उनके अंदर हिम्मत है और इसी वजह से वह अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता और युवाओं के सामने आए हैं।

### श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की 100 साल की यात्रा को बताया ऐतिहासिक

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह को ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से जुड़ी कई पीढ़ियां एक साथ इस अवसर पर मौजूद हैं। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और पूरे संस्थान को 100 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने देश के शिक्षा और आर्थिक क्षेत्र को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आने वाले वर्षों में भी संस्थान की भूमिका अहम बनी रहेगी।

### 'दिमागी नक्सल' को लेकर भी साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दिमागी नक्सल' शब्द का जिक्र करते हुए कहा कि देश उन लोगों पर नजर रख रहा है, जिन्होंने इस शब्द को अपनाया है और एक खास एजेंडे को मंच देने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने होम्योपैथिक दवा का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी दवा लेने के बाद शुरुआत में बीमारी के लक्षण अधिक स्पष्ट दिखाई दे सकते हैं। इसी तुलना के जरिए पीएम मोदी ने कहा कि जब उन्होंने 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया, तो जिन लोगों की ओर उनका इशारा था, वे खुद खुलकर सामने आ गए।

**तीन पेपर लीक के बाद IGKV का बड़ा बदलाव**

# अब पासवर्ड प्रोटेक्टेड ई-मेल से आएगा प्रश्नपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,6 सितंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लगातार तीन प्रश्नपत्र लीक होने के बाद स्थगित की गई परीक्षाओं की नई तारीख घोषित कर दी गई है। तीनों विषयों की परीक्षाएं अब 7, 8 और 9 सितंबर को आयोजित की जाएंगी। पेपर लीक की घटनाओं के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है।

अब कॉलेजों को प्रश्नपत्र पहले की तरह पैकेट के जरिए नहीं भेजे जाएंगे, बल्कि पासवर्ड प्रोटेक्टेड ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, संबंधित कॉलेजों को प्रश्नपत्र पासवर्ड प्रोटेक्टेड ई-मेल पर भेजे जाएंगे। परीक्षा शुरू होने से कुछ समय पहले ही कॉलेज प्रबंधन को प्रश्नपत्र खोलने के लिए पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्नपत्र खोलने की पूरी प्रक्रिया कमेटी की मौजूदगी में कराई जाएगी। साथ ही इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। पूरी प्रक्रिया का विवरण विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध कराया जाएगा। नए सिस्टम में पासवर्ड के बिना ई-मेल में भेजे गए प्रश्नपत्र को खोला नहीं जा सकेगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रश्नपत्र की सुरक्षा बढ़ाना और परीक्षा शुरू होने से पहले उसके लीक होने की संभावना को रोकना है। दरअसल, पिछले महीने दुर्ग के एक निजी कॉलेज भारतीय कॉलेज से तीन विषयों के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था। शुरुआत में बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के एंटोमोलॉजी का प्रश्नपत्र लीक होने की जानकारी सामने आई थी। मामले में निजी कॉलेज के एक प्रोफेसर और कुछ विद्यार्थियों की गिरफ्तारी के बाद जांच आगे बढ़ी तो दो अन्य प्रश्नपत्रों के लीक होने का भी खुलासा हुआ। इनमें बीएससी प्रथम वर्ष के प्लांट पैथोलॉजी और प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर के फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स के प्रश्नपत्र शामिल थे। बताया गया कि तीनों प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही WhatsApp पर वायरल हो गए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित तीनों परीक्षाओं को स्थगित कर दिया था।

### परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

लगातार तीन प्रश्नपत्र लीक होने के बाद IGKV की परीक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और उनके कॉलेजों तक पहुंचने की प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली में बदलाव किया है। पासवर्ड प्रोटेक्शन, परीक्षा से ठीक पहले पासवर्ड जारी करना, कमेटी की मौजूदगी और वीडियोग्राफी जैसे कदम इसी नई व्यवस्था का हिस्सा हैं।

### ईरान में ईंधन टैंकर में धमाका, 11 की मौत

**तेहरान,6 सितंबर।** पश्चिमी ईरान में एक सड़क हादसे के बाद ईंधन टैंकर में हुए धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई। विस्फोट के कारण आसपास चल रही कई गाड़ियों में भी आग लग गई। हादसे में सात लोग घायल भी हुए हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरआईबी के अनुसार, यह हादसा कुर्दिस्तान प्रांत के सनंदाज काउंटी और हमदान प्रांत के हमदान काउंटी के बीच स्थित इंटरसिटी सड़क पर हुआ। यह जानकारी कुर्दिस्तान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज की इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज के प्रमुख बाबक होदाई ने दी।होदाई ने बताया कि विस्फोट के कारण आसपास चल रही कई गाड़ियों में भी आग लग गई। उन्होंने कहा कि बचाव दल घायलों को सनंदाज के एक अस्पताल में भर्ती करा चुके हैं। इससे पहले जुलाई में स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर नौसैनिक बारूदी सुरंग (नेवल माइन) से टकराने के बाद विस्फोट का शिकार हो गया था।

# इसरो के निजीकरण को लेकर कर्मचारियों में चिंता




**बेंगलुरु, 6 सितंबर।** भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी के बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कर्मचारियों में अपने भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसरो के निर्माण और प्रक्षेपण से जुड़े काम निजी कंपनियों को सौंपे जाने की चर्चाओं के बीच नौ कर्मचारी संघों ने इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन को संयुक्त पत्र भेजकर सरकार की नीति और कर्मचारियों के भविष्य पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।4 सितंबर को भेजे गए पत्र में कर्मचारी संगठनों ने पूछा है कि निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका के बीच भविष्य में इसरो की जिम्मेदारी क्या होगी। उन्होंने नई भर्तियों और पदोन्नति के अवसरों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। संघों की चिंता का प्रमुख कारण अंतरिक्ष नियामक संस्था इन-स्पेस के अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका का हालिया बयान है। उन्होंने कहा था कि भविष्य में इसरो स्वयं प्रक्षेपण यान का निर्माण नहीं करेगा, बल्कि यह काम निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां करेंगी।इस बयान के बाद कर्मचारी संघों ने आशंका जताई है कि रॉकेट निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से इसरो की भूमिका धीरे-धीरे कम हो सकती है। संघों के मुताबिक, छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान के बाद पीएसएलवी और एलवीएम3 जैसे महत्वपूर्ण प्रक्षेपण यानों में भी निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ सकती है। कुलशेखरपट्टनम में बन रहे नए प्रक्षेपण परिसर और इसरो की करीब 120 तकनीकों को निजी क्षेत्र में हस्तांतरित किए जाने की खबरों ने भी चिंता बढ़ाई है।कर्मचारी संगठनों ने पूछा है कि पीएसएलवी, एलवीएम3 और अन्य रॉकेटों का डिजाइन, विकास, निर्माण, परीक्षण और प्रक्षेपण भविष्य में इसरो के जिम्मे रहेगा या नहीं। उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि देश के करदाताओं के धन और वैज्ञानिकों की दशकों की मेहनत से विकसित तकनीक, परीक्षण सुविधाओं और प्रक्षेपण केंद्रों को निजी कंपनियों को सौंपने की प्रक्रिया किस नीति के तहत होगी। साथ ही, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और इन-स्पेस की भूमिका स्पष्ट करने की मांग की गई है।संघों का कहना है कि वे निजी क्षेत्र की भागीदारी के विरोधी नहीं हैं। उनकी मांग केवल इतनी है कि सरकार स्पष्ट और आधिकारिक नीति जारी करे, जिसमें निजी कंपनियों की भूमिका तथा इसरो की तकनीकी और निर्माण क्षमता को लेकर स्थिति साफ हो। कर्मचारियों को आशंका है कि यदि मौजूदा काम निजी कंपनियों को चले गए तो इसरो में नई भर्तियां और पदोन्नति के अवसर घट सकते हैं।

# प्रार्थना सभा को लेकर माहौल गरमाया

**हिंदू संगठन ने जताई आपत्ति, पुलिस से हुई तीखी नोकझोंक**

**धमतरी,6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में रविवार को बड़ा हंगामा हो गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकरापारा में कथित अवैध चंगाई सभा का हिंदू जागरण मंच ने जमकर विरोध किया। देखते ही देखते दो पक्ष आमने-सामने आ गए और माहौल गरमा गया। दरअसल, टिकरापारा के एक किराए के मकान में चंगाई सभा लगाए जाने की सूचना हिंदू जागरण मंच को मिली थी। आरोप है कि बाहर से 40 से ज्यादा लोगों को बहला फुसलाकर इस मकान में बुलाया गया था। सूचना मिलते ही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी बाहर निकल आए और दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। देखते ही देखते टकराव की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख जिला पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा, लेकिन हिंदू जागरण मंच और पुलिस के बीच ही तीखी बहस हो गई। संगठन का सीधा आरोप है कि किराए के मकान में चंगाई सभा की आड़ में हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है। संगठन ने कहा पुलिस जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रही इसलिए मजबूरन बहस करनी पड़ी।

वहीं पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही एक्शन लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने जांच की बात कही है लेकिन हिंदू संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा।



### खड़गे का पीएम मोदी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स स्पीच पर तंज

**नई दिल्ली,6 सितंबर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी के दिल्ली स्थित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में छात्रों से किए संवाद को एक राजनीतिक भाषण बताया। खड़गे ने X पर पोस्ट करते हुए कहा कि मोदी जी कल दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में गए। यह देश के युवाओं, शिक्षा और उनके भविष्य पर संवाद का अवसर था। लेकिन अफसोस, युवाओं के सवालों का सामना करने के बजाय भाषण फिर एक राजनीतिक प्रचार में बदल गया। कभी नाराज फूफा तो कभी दिमागी और अर्बन नक्सल। जुमले बदलते रहते हैं, पर मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियां नहीं बदलती। खड़गे ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री जी, आउटरीच तभी करनी पड़ती है, जब आप आउट ऑफ रीच हो जाते हैं। प्रधानमंत्री जी ने अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाया। देश का युवा भी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा है।

# 10 दिन बाद मलबे से जिंदा निकली महिला

काठमांडु,6सितंबर। नेपाल में आई भीषण बाढ़ ने एक तरफ जहां हजारों जिंदगियां तबाह कर दी वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसी भी कहानियां सामने आ रही हैं जो लोगों के लिए किसी उम्मीद से कम नहीं। नेपाल में आए इस विनाशकारी बाढ़ में 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है वहीं तीन हजार से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि, इस तबाही के बीच नुवाकोट से शनिवार को एक ऐसी खबर आई जिसने लोगों को हैरान कर दिया। बिदुर में 10 दिनों से मलबे में दबी एक 60 वर्षीय महिला चंडिका श्रेष्ठा को जिंदा बाहर निकाला गया।

महिला के रेस्क्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया। चंडिका श्रेष्ठा के परिवार ने कुछ दिनों पहले ही उन्हें मृत मानकर उनका अंतिम संस्कार तक कर दिया था। वहीं इस कहानी के सामने आने के बाद लोगों के मन में अब ये सवाल है कि, मलबे की ढ़ेर से महिला के जिंदा होने का पता कैसे चला और 10 दिन बाद उनका रेस्क्यू कैसे किया गया? आइए जानते हैं इन सवालों का जवाब।

**रेस्क्यू टीम के मुताबिक, बाढ़ के तेज बहाव ने पूरे घर को करीब 100 मीटर ऊपर की ओर खिसका दिया था। घर की साढ़े तीन मंजिलें पूरी तरह कीचड़ और मलबे में दब गई थीं। सिर्फ ऊपर की मंजिल का कुछ हिस्सा ही बाहर दिखाई दे रहा था। बचाव के बाद चंडिका को इलाज के लिए काठमांडू के बीरेंद्र अस्पताल ले जाया गया**



काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल के नुवाकोट के बिदुर शहर में आई भीषण बाढ़ में एक चार मंजिला घर की सबसे ऊपरी मंजिल से एक 60 वर्षीय महिला को जिंदा बाहर निकाला। करीब 10 दिनों से चंडिका श्रेष्ठा यहां दबी हुई थी। बाढ़ आने के बाद करीब 10 दिनों तक चंडिका श्रेष्ठा का कोई पता नहीं चला। वह कहां हैं, यह परिवार और आसपास के लोगों के लिए रहस्य बना हुआ था। उनके रिश्तेदारों ने भी उनके जिंदा लौटने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। यहां तक कि आठवें दिन परिवार ने उनकी मौत के बाद होने वाली रस्में शुरू कर दी थीं। उन्होंने उनके शरीर के प्रतीक के तौर पर कुश घास से एक पुतला बनाया और धार्मिक रस्में निभानी शुरू कर दीं।

लेकिन शनिवार को इस भयानक आपदा के 11वें दिन एक चौंकाने वाली खबर सामने आई। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए, जिनमें नेपाल के नुवाकोट जिले के ऐतिहासिक बाजार क्षेत्र बेत्रावती में बाढ़ से तबाह हुए एक घर के मलबे से एक कमजोर महिला को जिंदा बाहर निकालते हुए दिखाया गया। बाद में पता चला कि वह महिला 64 साल की चंडिका श्रेष्ठा थीं। वह बिदुर नगरपालिका-10 के बेत्रावती इलाके की रहने वाली हैं। चंडिका 26 अगस्त को अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ लापता हो गई थीं।

# लोहे की पाइप चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने लोहे के पाइप चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है पद्मनाभपुर थाने पुलिस के अनुसार बीएनएस की धारा 303(2) और 3 (5) के तहत कार्रवाई की गई शिकायतकर्ता प्रवीण चंद्राकर, निवासी विद्युत नगर, दुर्ग ने बताया कि ठगड़ा बांध क्षेत्र में गजीबो के निर्माण के लिए रखे गए लोहे के तीन पाइप चोरी हो गए थे जांच के दौरान पुलिस ने जोगी नगर निवासी रामकुमार यादव, बसंत कुमार यादव और संजय ठाकुर ने पाइप चोरी करना स्वीकार किया।

# शिक्षक दिवस समारोह में 25 शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर 5 सितंबर को एम.पी. हॉल, भिलाई निवास में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र थे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, वंदे मातरम्, स्वागत गान सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर बीएसपी शिक्षा विभाग की वार्षिक पत्रिका स्मारिका का विमोचन भी किया गया। महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत भाषण में बीएसपी शालाओं की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते तकनीकी परिवेश में शिक्षकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बनाए रखने के लिए पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक साधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की आवश्यकता है। महाप्रबंधक ए.बी. श्रीनिवास ने गुरु-शिष्य परंपरा को भारत की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के बीच शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। समारोह में सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने संगीतमय नृत्य नाटिका गुरु वंदना प्रस्तुत की। इसके अलावा आंग्ल माध्यम माध्यमिक शाला, सेक्टर-9 के विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य, सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य तथा भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के विद्यार्थियों ने भिलाई एंथम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि चित्त रंजन महापात्र ने बीएसपी शालाओं के प्राचार्य, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों सहित कुल 25 व्यक्तियों को सम्मानित किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जीवन की सफलता में गुरुजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्य अतिथि एवं निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने शिक्षकों की लगन, कर्तव्यनिष्ठा एवं धैर्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसपी ने इस्पात निर्माण के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती सजिथा राजेश एवं वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री महुआ चटर्जी ने किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार ने आभार व्यक्त किया।



## एक नजर

### ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए सट्टा खेलने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्मृति नगर चौकी पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए सट्टा गतिविधियों के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में वैशाली नगर निवासी लक्की को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि आरोपी ने ऑनलाइन सट्टा या गेमिंग एप के संचालन के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराया था ऐसे खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन लेन-देन और रकम के हस्तांतरण के लिए किए जाने की आशंका है मामले में पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध को भी हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस बैंक खातों से हुए लेन-देन और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है पूछताछ के आधार पर और नाम सामने आने की संभावना है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है पद्मनाभपुर टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सरस्वती कुंज रिसाली-धनोरा निवासी संविधान बिस्वास ने अपने घर में हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी जांच के दौरान संदेह के आधार पर सुपेला क्षेत्र के संजय नगर, रमन मोहल्ला में किराये के मकान में रह रहे रोहित जैन से पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपी ने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत कुल 75,000 रुपए चोरी करना स्वीकार किया है धारा 331 (4) और 305 (ए) बीएनएस में कार्रवाई की गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अज्ञात युवक की मिली लाश

**भिलाई, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जामुल थाना क्षेत्र के एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि ग्राम ढौर के पास हनुमान मंदिर के पास चबूतरे में एक अज्ञात युवक की मृत अवस्था में लाश पड़ी होनी की सूचना मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है शव की पहचान में पुलिस जुटी हुई है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 11 सितम्बर को

**दुर्ग, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग एवं शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 11 सितम्बर 2026 को शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस मेले हेतु निजी क्षेत्र के नियोजक जो अपने संस्थान में रिक्त पदों को इस रोजगार मेला के माध्यम से भरना चाहते हैं, वे 09 सितम्बर 2026 तक रिक्त पदों की जानकारी छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को अधिसूचित करेंगे। छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से रिक्तियाँ प्रेषित करने के लिए नियोजकों का पोर्टल पर रोजगार मेला हेतु नियोक्त पंजीयन कराना अनिवार्य होगा जिसके लिए नियोक्ता का जीएसटी क्रमांक एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दुर्ग में संपर्क कर सकतें है।

## पाटन में किया गया भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

# 44 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 सितम्बर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल के आमंत्रण पर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पतोरा के प्रांगण में एक भव्य गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पाटन क्षेत्र में शिक्षक दिवस पर गुरु सम्मान आयोजित करने की यह अनूठी परंपरा पिछले 29 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। वर्ष 1997 में घुघवा से शुरू हुई यह परंपरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होते हुए इस वर्ष 2026 में पतोरा पहुँची है, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना है।

### समारोह के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट गणमान्य

प्रातः 11 बजे आयोजित इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के पूर्व कुलपति शिव कुमार पांडेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद आश्रम के शिक्षाविद् ओमप्रकाश वर्मा ने की। इसके अलावा, रायपुर के शिक्षाविद् सैय्यद फजिल, पाटन के समाजसेवी सीताराम वर्मा और रायपुर के प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संतोष साहू एवं राघव म्यूजिकल ग्रुप कोटगांव, कुरूद, जिला धमतरी द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किए गए। आयोजक भूपेश बघेल ने क्षेत्र के सभी शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षा प्रेमियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता की अपील की थी।





### शिक्षा और गुरुओं के प्रति पूर्व मुख्यमंत्री का संदेश

समारोह के दौरान साझा किए गए अपने संदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा को हमेशा सर्वोपरि रखा गया है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे गांव और बच्चे मजबूत नहीं होंगे, तब तक प्रदेश आगे नहीं बढ़ सकता। छत्तीसगढ़ की माटी की मेहनत यहाँ के शिक्षकों के समर्पण में साफझलकती है—चाहे वह सुदूर बस्तर के जंगलों में पढ़ाने वाले शिक्षक हों या सरगुजा की पहाड़ियों में ज्ञान की अलख जगाने वाले गुरुजन। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारें योजनाएं और बजट बनाती हैं, लेकिन समाज का असली निर्माण शिक्षक की कक्षा से ही शुरू होता है।

### 44 सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

समारोह का सबसे आकर्षण केंद्र शिक्षा जगत में अपनी दीर्घकालिक एवं निष्ठावान सेवाएं पूरी कर चुके सेवानिवृत्त प्राचार्यों, व्याख्याताओं, प्रधानपाठकों और शिक्षकों का विशेष सम्मान रहा। क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए इन गुरुजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम इस प्रकार हैः ओंकार प्रसाद साहू व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सांकरा, चन्द्रिका प्रसाद देवांगन प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. सिरसाकला, नरेन्द्र सिंह ठाकुर प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. पौहा, खेमलाल साहू उ.व.शि., शा.पू.मा.शा. सुरपा, राधेश्याम लहरी व्याख्याता, सेजेस कन्या पाटन, गोपेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. अखरा, जीवन लाल ठाकुर व्याख्याता, सेजेस पाटन, ओम प्रकाश शुक्ला व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सिरसाकला, प्रेमलता विश्वकर्मा व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. उरला, मिलापराम साहू प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. कानाकोट, गजानंद बंछोर प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. बढेना, ढालूराम वर्मा प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. अरसनारा, रमेश कुमार शर्मा प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. गभरा, विरेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. गनियारी, बसंत कुमार वर्मा प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. चुलगहन, यादराम बंजारे प्राचार्य, शा.हाई.स्कूल फेकारी, खिलावन सिंह चोपडिया प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. भनसुली, एस. मिंज व्याख्याता, शा.पू.मा.शा. देवबलोदा, पदमलाल ठाकुर प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. ओदरागहन, दिलेश्वर प्रसाद चन्द्राकर उ.व.शि., शा.पू.मा.शा. देवबलोदा, रमेश कुमार सोनी व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. कुकदा, बिरेन्द्र कुमार वर्मा व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. पुरैना, वेदराम साहू व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. गनियारी, सुनिता सिन्हा प्राचार्य, सेजेस देवादा, देवेन्द्र कुमार बंछोर व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सिरसाकला, कल्याण सिंह ठाकुर व्याख्याता, शास.हाई.स्कूल खु., दानीराम साहू प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. कानाकोट, रोमन लाल कैवर्त प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. खुडमुडा, मनहरण लाल साहू व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. गनियारी, गंगा प्रसाद साहू प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. घुघवा, तारा बंछोर प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. इ.न.चरीदा, मोरध्वज वर्मा प्राचार्य, शा.हाई.स्कूल सोमनी, इन्द्राणी साहू प्रधानपाठक, शा.पू.मा.शा. डबरापारा, अनुराग घोष व्याख्याता, शा.हाई.स्कूल झाडमोखली, सुरेन्द्रनाथ कुशवाहा प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. देवबलोदा, मोतीलाल साहू व्याख्याता, सेजेश कुम्हारी, आशा कश्यप उ.व.शि., शा.पू.मा.शा. कुम्हारी, लता रघुकुमार प्राचार्य, पी.एम.श्री सेजेश कुम्हारी, एवन कुमार रात्रे व्याख्याता, पी.एम.श्री सेजेश कुम्हारी, उषा दुबे प्राचार्य, कन्या उ.मा.वि. कुम्हारी, डोमार सिंह ठाकुर प्रधानपाठक, शा.प्रा.शा. कुकदा, नरेश कुमार यादव उ.व.शि., शा.पू.मा.शा. परसदा, रेबेका भेलवा प्राचार्य, शा.उ.मा.शा. आगेसरा एवं बालमुकुंद मढरिया प्रधानपाठक, शा.पू.मा.वि. रामपुर। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता होते हैं और उनका लंबा अनुभव हमेशा नई पीढ़ी को सही राह दिखाता रहेगा। इस भव्य आयोजन से पूरे पाटन क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया।

### हत्या के प्रयास मामले में दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** हत्या के प्रयास के मामले में 02 वर्ष से फरार ईनामी आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान छिपाकर पंजाब, छत्तीसगढ़ सहित अन्य स्थानों पर रह रहा था जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया वर्ष 2024 में प्रार्थी योगेश सहारे (32) निवासी कुरूद ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके छोटे भाई नरेन्द्र सहारे पर स्कूटी सवार चालक ने प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाई गई है। रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पहचान एवं उसके संभावित ठिकानों की जानकारी एकत्र कर उसे पकड़ा गया।



पूछताछ एवं उपलब्ध अभिलेखों से आरोपी के विरुद्ध दुर्ग जिले के विभिन्न थानों में पूर्व से अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान छिपाकर पंजाब, छत्तीसगढ़ सहित अन्य स्थानों पर रह रहा था थाना छावनी के वर्ष 2024 के प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध ईनाम उद्घोषित किया गया था जामुल पुलिस की सक्रियता एवं लगातार तलाश के परिणामस्वरूप आरोपी सेवा सिंह निवासी कैम्प-01 को गिरफ्तार किया है।

**जन्माष्टमी**



**जामुल।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वार्ड क्रमांक 18 में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर संभाग प्रभारी किसान मोर्चा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता तथा भाजपा जामुल मंडल महामंत्री ओमप्रकाश साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में जन्माष्टमी को लेकर भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर और पोस्टरों को हटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 4 सितंबर से 5 सितंबर तक निगम के सभी जोनों में विशेष अभियान चलाकर कुल 1009 बैनर-पोस्टर हटाए गए। जोनवार कार्रवाई के तहत जोन-1 से 117, जोन-2 से 310, जोन-3 से 165, जोन-4 से 363 तथा जोन-5 से 54 बैनर-पोस्टर हटाए गए। निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों, विद्युत पोल, डिवाइडर एवं अन्य स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए प्रचार सामग्री को हटाने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही गई है। नगर निगम ने नागरिकों एवं विभिन्न संस्थाओं से अपील की है कि शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति बैनर-पोस्टर अथवा अन्य प्रचार सामग्री न लगाएं।



## दीपशिखा विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

# चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों व संस्कारों के विकास का आधार है शिक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 सितम्बर।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी रोशन कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर प्रसाद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा, अन्नपूर्णा रामटेके सेवानिवृत्त शिक्षिका उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में विराजित माँ शारदा की पूजा अर्चना एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं शिक्षक -शिक्षिकाओं का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शालानायक रुद्र कुमार चंद्राकर ने अपने गुरुओं का आभार मानते हुए सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा व्यक्ति सीखना चाहे तो छोटे, बड़े ,विद्यार्थी एवं प्रकृति से भी बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने कहा हमें भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए क्योंकि यहां की संस्कृति एवं संस्कार विदेशों से भिन्न है तथा उनके लिए प्रेरणादायी है। साथ ही साथ यह भी कहा कि हमें अपने भोजन, भेष, भाषा ,भ्रमण एवं भजन का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि



इसी से हमारा चरित्र एवं व्यक्तित्व की पहचान होती है। विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा ने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान एवं रोजगार प्राप्त करने का एकमात्र साधन ही नहीं है बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के विकास का आधार भी होता है। अतः हम सभी शिक्षकों को पाठ्यक्रम एवं पुस्तकीय ज्ञान देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के विकास हो, ऐसी शिक्षण का अपने शिक्षण कार्य में समावेश करना चाहिए। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम की प्राचार्य शांता सोनवानी, प्रधान पाठिका शरणजीत कौर, अन्नपूर्णा रामटेके एवं वाय के शर्मा ने भी अपने -अपने विचार रखे। दीपशिखा शिक्षण समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा ने अपने सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट शिक्षण कार्य की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह बच्चों की सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करते रहने की अपेक्षा करते हुए उन्हें एक यादगार उपहार से सम्मानित किए तथा शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किए। इस अवसर पर पालक शिक्षक समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर, तुलसी देवांगन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# बर्थडे पार्टी मनाने सिरसा-भटगांव एनीकट पहुंचा युवक नदी में बहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** खुर्सीपार से पांच दोस्त बर्थडे पार्टी मनाने सिरसा-भटगांव एनीकट के गनियारी घाट पहुंचे थे। खाना खाने के बाद बर्तन धोने के लिए नदी में उतरा युवक तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। सूचना पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची युवक का पता नहीं चल सका।

जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी शमित मिश्रा ने बताया कि खुर्सीपार निवासी शिवनारायण नायक का जन्मदिन था उसके दोस्तों सहदेव मोहबिया, सोनू साहू, दिनेश यादव और सागर टिलंते ने शनिवार को पार्टी रखी पांचों सहदेव की ऑटो से सिरसा-भटगांव एनीकट के गनियारी घाट पहुंचे वे साथ में मुर्गा और चावल लेकर गए थे। खाना बनाने और खाने के बाद बर्तन धोने के लिए नदी किनारे पहुंचे पानी भरते समय बहाव में खिंचा शाम करीब पौने छह बजे सहदेव मोहबिया और शिवनारायण नायक बर्तन धोने के लिए सीढ़ियों से नीचे उतरे पानी भरते समय तेज बहाव की चपेट में आने से शिवनारायण नदी में गिरकर बह गया। दोस्तों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी अंधेरा और तेज बहाव बना बाधा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की लेकिन तेज बहाव के कारण युवक का पता नहीं चल सका।

एक नजर

## महिला से छेड़खानी, मारपीट एवं गाली-गलौज करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनके विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों पर त्वरित व सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा महिला से बदसलूकी, छेड़खानी एवं मारपीट करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 04.09.2026 को पीड़िता द्वारा थाना गिधपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी शेरसिंह उर्फ प्यारे कोशले ने उसे अकेली देखकर बुरी नीयत से इशारा बाजी करते हुए छेड़खानी की। आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर खींचा और बेइज्जत करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने अपना हाथ छुड़ाने की कोशिश की, तो आरोपी ने सामने आकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के साथ मारपीट की, जिससे पीड़िता को चोट आई। ?पीड़िता की शिकायत पर थाना गिधपुरी में अपराध क्रमांक 125/2026, धारा 74, 296, 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौका-घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी व गवाहों का कथन कलमबद्ध किया गया। आरोपी की पतासाजी के दौरान ज्ञात हुआ कि वह अपने मकान में छिपा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया और थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को दिनांक 05.09.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।



## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**बलौदाबाजार 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना गिधौरी (टुण्डरा) पुलिस द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 03 आरोपियों (जिसमें विधि से संघर्षरत 02 बालक शामिल हैं) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 04.09.2026 को प्रार्थी मनमोहन यादव (निवासी ग्राम बलौदा) द्वारा थाना गिधौरी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम बलौदा स्थित उनके बड़े भाई राजू यादव के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा अलमारी व पेटी में रखे पीतल, तांबे व कांस्य के बर्तन, टीवी, मिक्सी सेट एवं मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्रमांक 175/2026, धारा 331(4),305(ड्ड), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेहियों पर नजर रखी गई। मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 03 संदेही आरोपियों प्रेम देवार उर्फपुसऊ देवार एवं विधि से संघर्षरत दो बालक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया संपूर्ण माल-मसरूका एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल जप्त की गई।



## कलेक्टर ने कांकेर शहर का किया पैदल निरीक्षण

**कांकेर,6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने आज कांकेर शहर के नए बस स्टैंड क्षेत्र एवं मेला भाटा का पैदल निरीक्षण कर शहर की स्वच्छता व्यवस्था सहित विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने सड़कों की नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क के बीच बने डिवाइडरों में लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई करने तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रतिदिन सुबह वार्डों का निरीक्षण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

# श्यामा श्याम धाम ट्रस्ट ने पत्रकारिता, समाजसेवा और बाल वीरता के लिए किया सम्मान

■ कृष्ण प्रकटोत्सव पर प्रदेशभर के वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

**रायपुर 6 सितंबर।** श्री श्यामा श्याम धाम ट्रस्ट उमरपोटी, दुर्ग द्वारा कृष्ण प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदेशभर से पहुंचे वरिष्ठ पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के साथ समाजसेवा और बाल वीरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मान प्रदान किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राधा-कृष्ण मंदिर के प्रमुख सेवादार नंद कुमार कश्यप तथा विधायक ललित चंद्राकर ने सम्मानित पत्रकारों को सम्मान पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय पत्रकारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



### इन पत्रकारों का हुआ सम्मान

उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रशांत शर्मा, मंजूषा शर्मा, प्रकाश शर्मा, ब्रजेश चौबे, राम अवतार तिवारी, अरुण मिश्रा (दुर्ग), अनिल गुप्ता (भिलाई), मोहन तिवारी, देवीलाल साहु (दुर्ग), अमृता शर्मा, संदीप पुराणिक, वीरेन्द्र शर्मा एवं हाजी गौस मोहम्मद को सम्मानित किया गया।

### समाजसेवी राजेन्द्र निगम सम्मानित

समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजेन्द्र कुमार निगम, अध्यक्ष कुलदीप निगम वृद्धाश्रम एवं संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, रायपुर को सम्मान प्रदान किया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई।

### बाल वीरता के लिए ओम उपाध्याय को विशेष सम्मान

समारोह में भिलाई निवासी बहादुर बालक ओम उपाध्याय को विशेष दिव्यांग वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी बहादुरी और साहस को देखते हुए ट्रस्ट की ओर से यह विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

### विधायक को भेंट किया स्मृति चिन्ह

समारोह के समापन अवसर पर श्री श्यामा श्याम धाम ट्रस्ट की ओर से विधायक ललित चंद्राकर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता, समाजसेवा एवं बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कृष्ण प्रकटोत्सव के धार्मिक आयोजन के साथ आयोजित सम्मान समारोह ने सामाजिक सरोकारों और सकारात्मक पत्रकारिता को एक मंच प्रदान किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों की मौजूदगी से कार्यक्रम गरिमामय बना।

# शिक्षक दिवस पर 59 शिक्षक शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**रायपुर 6 सितंबर।** आज महान शिक्षक भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती दिनांक 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम की छह स्कूलों के 59 शिक्षक - शिक्षिकाओं को नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष श्री नंदकिशोर साहू, जोन 1 जोन अध्यक्ष श्री गज्जू साहू, पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती अंजलि गोलछा, सर्वश्री देवदत्त द्विवेदी, कैलाश बेहरा, राजेश कुमार देवांगन, महेश कुमार ध्रुव, एल्डरमैन सर्वश्री राजू राघवानी, अनिल सोनकर, बी. श्रीनिवास राव, नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्री जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता श्री गजराम कँवर, उपअभियंता सुश्री रुचिका मिश्रा की मंच पर उपस्थिति में श्रीफल, स्मृतिचिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया.




शिक्षक दिवस आयोजन में पार्षद श्रीमती अंजलि गोलछा ने अपनी शिक्षिका श्रीमती रचना तिवारी के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया. पार्षद श्रीमती अंजलि गोलछा ने कहा कि वे आज जीवन में जो कुछ हैं, वह उनकी स्कूल के दिनों की शिक्षिका श्रीमती रचना तिवारी जी द्वारा दिए गए संस्कारों के कारण से हैं. पार्षद श्री महेश ध्रुव ने अपने स्कूल के दिनों के शिक्षक श्री यशवंत वर्मा के चरणस्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया इसी तरह पार्षद श्री कैलाश बेहरा ने स्कूल के दिनों के अपने शिक्षक का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम की सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती मधु शर्मा की सेवाओं को श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शिक्षक दिवस कार्यक्रम का सुभारम्भ महान शिक्षक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मंच पर शिक्षक दिवस पर नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष श्री नंदकिशोर साहू और पार्षदगणों सहित नगर निगम स्कूल की व्यायाम शिक्षिका श्रीमती यामिनी शुक्ला, खमतराई स्कूल के प्राचार्य एवं नगर निगम स्कूल शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय शुक्ला, नवीन सरस्वती कन्या शाला की प्राचार्या श्रीमती रचना तिवारी, डब्ल्यूआरएस स्कूल के प्राचार्य श्री प्रदीप भोई, श्रीमती ऋतु वर्मा, श्रीमती रितिका कुर्रे, श्रीमती संध्या तिवारी, श्री मनोज बोंगीवार, श्रीमती पूनम निहाल, श्रीमती सोनिया, श्री टार्जन ध्रुव, श्री जगन्नाथ यादव, श्रीमती शीतल, श्रीमती अर्चना महोबे, श्री यशवंत निर्मलकर, श्री देवेंद्र वर्मा, शिक्षक श्री यशवंत वर्मा, श्री मिथिलेश कुमार गौतम सहित नगर निगम की छह स्कूलों के 59 शिक्षक - शिक्षिकाओं को सम्मानित किया.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम स्कूलों के शिक्षक - शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें दीं. महापौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षकों का सदैव सम्मान किया जाता है. शिक्षक नौनिहालों का भविष्य गढ़ने का कार्य करते हैं. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय शुक्ला से शिक्षकों सहित नगर निगम मुख्यालय के अधिकारियों से मिलकर नगर निगम स्कूलों के शिक्षकों की समस्याओं की जानकारी देकर उनसे चर्चा करने कहा. महापौर ने कहा कि वे अधिकारियों से इसमें चर्चा कर नगर निगम स्तर की समस्याओं का समाधान नगर निगम स्तर पर करवाने शीघ्र प्रयास करेंगी, वहीं नियमानुसार जिन समस्याओं का समाधान राज्य शासन को करना है, उन्हें एमआईसी की बैठक में रखवाकर राज्य शासन को प्रकरण नियमानुसार निर्देश प्राप्त करने हेतु भेजने की कार्रवाई की जाएगी.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम में सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट की जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान जनप्रतिनिधियों के लिए प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि उन्हें नगर निगम रायपुर की स्कूलों के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की क्षमताओं पर विश्वास है. उनकी समस्याओं को सुनकर नियमानुसार समाधान के प्रयास प्रक्रिया के अंतर्गत उनके द्वारा अधिकारियों से जानकारी लेकर की जाएगी.

खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष श्री नंदकिशोर साहू ने नगर निगम स्कूलों के शिक्षक - शिक्षिकाओं के कार्यों की सराहना की और उन्हें शिक्षक दिवस पर हार्दिक बधाई दी. उन्होंने कहा कि वे नगर निगम की स्कूलों के शिक्षकों और शिक्षिकाओं की समस्याओं को महापौर श्रीमती मीनल चौबे और एमआईसी सदस्यों को अवगत करवाकर चर्चा कर उनका समाधान करने एमआईसी की बैठक में नियमानुसार चर्चा कर समाधान करवाने प्रयास करेंगे.कार्यक्रम में शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय शुक्ला ने अवगत करवाया और उनका समाधान करवाने का महापौर श्रीमती मीनल चौबे से विनम्र अनुरोध किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय शुक्ला और अंत में आभार प्रदर्शन उपायुक्त श्री जसदेव सिंह बाबरा ने किया.

## द कंपटीशन अकेडमी नगरी में मनाया गया शिक्षक दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 6 सितंबर।** द कंपटीशन अकैडमी नगरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा एवं भारतीय संस्कृति की ज्ञान परंपरा पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान एवं वेद-ग्रंथों के माध्यम से गुरु के महत्व से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा में गुरु के स्थान और उनकी भूमिका के बारे में बताया। महर्षि वेदव्यास, गुरु द्रोणाचार्य, आचार्य चाणक्य तथा स्वामी विवेकानंद जैसे महान गुरुओं एवं आचार्यों के जीवन और उनके योगदान के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को समझाया गया कि गुरु केवल शिक्षा प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। कार्यक्रम में वेदों एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भों के माध्यम से ÷गुरु का सम्मान, ज्ञान का सम्मान÷ का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है और गुरु-शिष्य संबंध हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति आदर, संस्कार, अनुशासन तथा भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। द कंपटीशन अकैडमी नगरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का प्रेरणादायी अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में अकैडमी एवं लाइब्रेरी के सभी कर्म योद्धा एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर तिल्दा-नेवरा पुलिस बनी 'साइबर शिक्षक'



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 6 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में तिल्दा-नेवरा पुलिस द्वारा विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर 'साइबर शिक्षक' की भूमिका निभाई गई। साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, OTP फ्रॉड, अनजान APK एवं संदिग्ध लिंक से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को समझाया कि OTP, PIN, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा अनजान लिंक, APK फाइल एवं वीडियो कॉल से सावधान रहें। मोबाइल एप केवल अधिकृत Play Store/App Store से ही डाउनलोड करने की सलाह दी गई। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने तथा अपने माता-पिता एवं परिवारजनों को भी साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में थाना तिल्दा-नेवरा का पुलिस स्टाफ रहा उपस्थित कार्यक्रम में थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी सहित थाना तिल्दा-नेवरा का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।साइबर शिक्षा से ही साइबर सुरक्षा के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## किसी के गिरने पर उसे प्रताड़ित नहीं प्रोत्साहित करें: श्रेयांशप्रभ जी

**राजनांदगांव 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसी को आगे बढ़ने के लिए जोश एवं इच्छा की जरूरत होती है। इसी तरह किसी को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहन की जरूरत होती है। हम लोगों की गलतियों को देखकर हंसते हैं। यही नहीं उसे प्रताड़ित भी करते हैं। हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। 卐 उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। मुनि श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि हम उन लोगों में से है जो किसी को गिरते देख उसकी कमियों की हंसी उड़ाते हैं। उनकी गलतियों को सुधारना छोड़ हम उन पर हंसते हैं। उन्हें प्रोत्साहित करना छोड़ प्रताड़ित करते हैं। हमें व्यक्ति की जीत तो दिखती लेकिन उसके पीछे के संघर्ष को हम नहीं देखते। अतीत में उसने कितना मेहनत किया होगा, किसने उसका उत्साह बढ़ाया होगा जो आज वह इस मुकाम तक पहुंचा। किसी की जीत के पीछे उसका सपोर्टिंग सिस्टम होता है जो उसे गिरने नहीं देता। पहले वह जो किसी को कुछ प्रयास करने नहीं देना चाहते , दूसरा वह जो सामने वाले को एक दो बार प्रयास करने देते हैं,तीसरा वह जो थोड़ा और ज्यादा प्रयास करने देना चाहते हैं और चौथा वह जो अंतिम चरण तक प्रयास करने देना चाहते है। अब आप तय कर लीजिए कि आप इनमें से कौन हैं।

# जन्माष्टमी पर मेधावी छात्रों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 6 सितंबर।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर तिल्दा-नेवरा के श्री राधा-कृष्ण मंदिर बनियापारा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रिंकू रमेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर परिवार की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी गई।इस अवसर पर रमेश अग्रवाल ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व पर प्रतिभावान बच्चों का सम्मान होना इससे अधिक शुभ अवसर नहीं हो सकता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, ताकि भविष्य में भी उन्हें सम्मानित करने का अवसर मिले।



राधा-कृष्ण मंदिर परिवार द्वारा हर वर्ष क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाता है। इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सम्मानित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में राज्यपाल डेका ने किया भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन

**रायपुर 6 सितंबर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नयापारा, सदर बाजार स्थित लगभग 157 वर्ष प्राचीन श्री बांके बिहारी मंदिर में उस समय आध्यात्मिक वातावरण और अधिक गरिमामय हो उठा, जब छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका जी सपत्नीक एवं सहपरिवार मंदिर में दर्शन एवं पूजन के लिए पधारे।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं ट्रस्टी श्री महेंद्र बागडोदिया के अनुरोध पर महामहिम राज्यपाल जी ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री बांके बिहारी जी सहित मंदिर में विराजित समस्त देवी-देवताओं एवं भगवान श्री अग्रसेन जी के दर्शन किए। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंडित श्री नरेंद्र कौशिक एवं उनकी टीम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।



महामहिम राज्यपाल जी के मंदिर आगमन पर मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्री सुरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल तथा संचालन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, सचिव श्री संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कमल सिंघानिया, श्री अरुण दुबे, श्रीमती शशि अग्रवाल एवं श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्रीमती बरखा गुप्ता ने मुख्य द्वार पर बुके भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के पश्चात छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संरक्षक श्री सियाराम अग्रवाल ने भगवान श्रीकृष्ण का अंगवस्त्र-दुपट्टा एवं माला पहनाकर महामहिम राज्यपाल जी का अभिनंदन किया। वहीं श्रीमती अनीता अग्रवाल ने राज्य की प्रथम महिला एवं उनकी सुपुत्री का अंगवस्त्र-दुपट्टा एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने महामहिम राज्यपाल जी के ओएसडी श्री हरेंद्र सिंग जडेजा एवं श्री अशोक झुनझुनवाला का भी भगवान श्री बांके बिहारी जी के राधे-राधे नाम अंकित अंगवस्त्र-दुपट्टा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया।

**प्राचीन विरासत और आधुनिक स्थापत्य का अद्भुत संगम:**पूजा-अर्चना के पश्चात महामहिम राज्यपाल जी ने मंदिर के भूतल स्थित कार्यालय में मंदिर ट्रस्ट एवं संस्था के पदाधिकारीगण के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्हें श्री बांके बिहारी मंदिर के गौरवशाली 157 वर्षीय इतिहास, धार्मिक परंपराओं, सेवा गतिविधियों तथा नवनिर्मित मंदिर की संकल्पना एवं निर्माण कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महामहिम राज्यपाल जी ने मंदिर की प्राचीन विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए किए गए नवनिर्माण तथा उसकी भव्य एवं अद्भुत स्थापत्य कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ शताब्दी से अधिक समय से आस्था का केंद्र रहा यह मंदिर आने वाले समय में सनातन धर्म, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बनेगा। उन्होंने मंदिर की भव्यता एवं आध्यात्मिक स्वरूप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र हमारी गौरवशाली परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**आस्था के साथ सेवा का संकल्प:**श्री बांके बिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के साथ मां दुर्गा, शिव दरबार, भगवान श्री हनुमान जी, माता महालक्ष्मी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। यहां नित्य पूजा-अर्चना एवं आरती की परंपरा निरंतर चली आ रही है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ सेवा एवं सामाजिक सरोकारों को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

महामहिम राज्यपाल जी का जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर आगमन मंदिर परिवार एवं श्रद्धालु समाज के लिए अत्यंत भावपूर्ण, गौरवपूर्ण एवं अविस्मरणीय क्षण रहा। उनके स्नेहपूर्ण आगमन से मंदिर परिसर में विशेष उत्साह और आनंद का वातावरण निर्मित हुआ।

मंदिर ट्रस्ट परिवार ने महामहिम राज्यपाल श्री रमेन ढेका जी एवं उनके परिवार के प्रति हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर महामहिम का आगमन श्री बांके बिहारी मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में सदैव अंकित रहेगा।

## बैंकर समिति की बैठक में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर

**बलौदाबाजार, 6 सितंबर।** खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक जनपद पंचायत कार्यालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में गुरुवार को सम्पन्न हुई। बैठक मे अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर एवं जनपद सीईओ पी सी पटेल उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड,डेयरी व्यवसाय, मछली पालन,पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई. डिज़िटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन में आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें।



## किसी ने कहां सोचा था कि सीईओ ऐसा चुना जाएगा

देश की राजनीति में पिछले एक दो महीने में दो ही मुद्दों पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही थी, एक तो जंतर मंतर पर जेनजी का आंदोलन,संसद मार्च के दौरान की गई कार्रवाई और दूसरा था राममंदिर चढ़ावे में की गई चोरी।विपक्षी दल संसद के भीतर व बाहर दोनों मुद्दों को जोरशोर से उठा रहे थे और सरकार व भाजपा को घेरने का प्रयास कर रहे थे।कांग्रेस सहित विपक्ष के सारे राजनीतिक दल यह मानकर चल रहे थे कि वह इस मुद्दे पर आक्रामक रहेंगे,इसे लंबे समय तक बड़ा मुद्दा बनाए रखेंगे। इन दोनों मुद्दों की वजह से भाजपा व मोदी सरकार बैकफुट पर रहेगी। राहुल गांधी जेनजी के मुद्दे को कई शहरों में उठा कर गूंज कार्यक्रम कर चुके हैं तथा आने वाले दिनों में वह कई शहरों में यह कार्यक्रम करने वाले हैं।वही अखिलेश यादव यूपी में राममंदिर चढ़ावे चोरी के मामले का बड़ा मुद्दा बनाए हुए थे और मानकर चल रही थे कि यह तो अगले विधानसभा चुनाव तक बड़ा व प्रभावी मुद्दा बना रहेगा।लेकिन मोदी के नेतृत्व में सरकार व भाजपा हमेशा ऐसा कुछ करते हैं जिसके बारे में विपक्ष के नेता सोच तक नहीं पाते हैं कि भाजपा ऐसा कर सकती है और भाजपा व मोदी सरकार वैसा करके दिखा देती है और बता देती है कि मुकाबला करना तुम लोगों के बस की बात नहीं है। राहुल गांधी व विपक्ष के नेता मानकर चल रहे थे कि सरकार और सीजेपी के बीच एफआईआर को लेकर ठनी हुई है और यह ठनी रहेगी और एक तरफ सीजेपी सरकार के खिलाफ कुछ न कुछ करता रहेगा और दूसरी तरफ राहुल गांधी भी देश भर में जेनजी को मोदी सरकार के खिलाफ करने का काम करते रहेंगे।राहुल गांधी व विपक्ष सोच नही पाए थे कि मोदी सरकार व चार भाजपा शासित राज्यों की सरकार सीजेपी के कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामले बंद करने का अनुरोध किया था। इस पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीजेपी के विरोध प्रदर्शनों पर दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया जाए।इस पर सीजेपी ने पांच सिंतबर को दिल्ली में होने वाले विरोध मार्च रद्द कर दिया।सरकार व सीजेपी के बीच बनी सहमति के बाद आने वाले दिनों में अब कोई आंदोलन नहीं होने वाला है।सीजेपी इस बात से खुश है कि सरकार ने अपना वादा पूरा किया और मोदी सरकार इस बात से खुश है कि अब कोई जेनजी का आंदोलन दिल्ली में नहीं होने वाला है। जेनजी वाला मुद्दा ठंडे बस्ते में चले जाने से विपक्ष ठगा सा रह गया है कि ऐसा कैसे हो गया। वह तो मानकर चल रहा था वह जेनजी के गुस्से की आग में घी डालता रहेगा और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव तक इसे एक मुद्दा बनाए रखेगा लेकिन जेनजी वाला मुद्दा तो एक दिन में मोदी सरकार ने ठंडा कर दिया।इसके बाद दूसरा बड़ा मुद्दा राममंदिर चढ़ावे चोरी का था।कांग्रेस व सपा सोच रहे थे कि इस मुद्दे पर तो वह भाजपा व मोदी सरकार को यूपी में परेशान करते रहेंगे और भाजपा बैकफुट पर बनी रहेगी।वह मानकर चल रहे थे चढ़ावा चोरी मामले में हिंदुओं व सनातनियों गुस्से से भाजपा को यूपी में नुकसान होगा।वह मानकर चल रहे थे कि इस मामले के कारण यूपी में भाजपा व योगी सरकार के पतन की शुरुआत हो चुकी है।विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया इसी मुद्दे के कारण हो जाएगा।सनातनी व हिंदू ही भाजपा को सत्ता में लेकर आए थे और वही उनका यूपी में सफाया करेंगे।

कांग्रेस व सपा को उम्मीद नहीं थी कि राम मंदिर सीईओ मामले में भाजपा व मोदी सरकार ऐसा भी कर सकती है, वह तो सोच नही पाए थे कि राममंदिर के सीईओ के तौर पर सेना के किसी बड़े अधिकारी को चुना जाएगा। सब मानकर चल रहे थे कि ज्यादा से ज्यादा संघ समर्थक किसी आईएएस,आईपीएस,रिटायर अफसर,किसी नेता को सीईओ बनाया जाएगा और वह आरोप लगाते रहेंगे कि मंदिर पर संघ ने कब्जा बनाए रखा है। इससे मंदिर संचालन ठीक से नहीं होगा तो वह आगे भी इसी मुद्दे को उठाते रहेंगे लेकिन सेना के अधिकारी को तीन साल के लिए सीईओं चुन लिए जाने से सपा को बड़ा झटका लगा है यही वजह है कि अखिलेश यादव यह भर कह सके हैं कि उम्मीद है कि अब मंदिर में चढ़ावा चोरी नहीं होगी।मोदी सरकार व योगी सरकार चाहते तो किसी अधिकारी, किसी निजी कंपनी से रिटायर अफसर को सीईओं बना सकते थे लेकिन इससे भाई भतीजावाद व गड़बड़ी पर पूरी तरह रोक नहीं लगती। मंदिर में चढ़ावा चोरी भाईभतीजावाद के कारण ही तो हुई थी।अपने लोगों को नौकरी पर रखने के कारण हुई थी। इसलिए मोदी सरकार व भाजपा ने ऐसे आदमी को सीईओ चुनने का फैसला किया जिसका यकीन भाईभतीजावाद में जरा भी न हो।मोदी सरकार ने सीईओ चुनते वक्त ईमानदारी पर खास ध्यान दिया है। ऐसा कोई ईमानदार आदमी सेना का ही हो सकता था.यही वजह है कि सेना के बड़े अफसर को सीईओ के तौर पर चुना गया है।राममंदिर सीईओ के लिए पीएम मोदी व योगी अपनी तरह का कोई आदमी चाहते थे जो न खाऊंगा न खाने दूंगा में सौ प्रतिशत यकीन रखता हो। ऐसा कोई आदमी नहीं रखा जाता तो फिर चढ़ावा चोरी नहीं तो दूसरी तरह की गड़बड़ी होने की आशंका बनी रह सकती थी।मोदी व योगी सरकार अब अगले कुछ महीने यानी यूपी विधानसभा चुनाव के पहले राममंदिर मामले में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं चाहते है, यही वजह है कि उन्होंने सीईओ के तौर पर सेना के रिटायर अफसर को नियुक्त किया है। जेनजी व राममंदिर में चढ़ावा चोरी को सपा व कांग्रेस ब्रम्हाशास्त्र समझ रहे थे,पीएम मोदी ने उसे फुस्स पटाखा बना दिया है।

## राशिफल

**मेष**–आज का दिन कभी खुशी तो कभी थोड़ी चिंता का एहसास करा सकता है। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से मिली खबर मन को उदास कर सकती है, लेकिन खुद को ज्यादा परेशान न होने दें। कारोबार में नई पार्टनरशिप आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है और पुरानी योजनाओं से अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, वरना बजट बिगड़ सकता है। मौसम का असर सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए आराम और सावधानी दोनों को प्राथमिकता दें।

**वृषभ**–आज घर में रौनक और खुशियों का माहौल बना रहेगा। रिश्तेदारों का आना-जाना दिन को और खास बना सकता है, वहीं किसी शुभ कार्य की तैयारी घर में उत्साह भर देगी। ऑफिस में आपकी मेहनत और ईमानदारी बॉस को प्रभावित करेगी। बैंकिंग या फाइनेंस से जुड़े लोगों के सामने निवेश के अच्छे अवसर आ सकते हैं। नए घर या प्रॉपर्टी से जुड़ा आपका सपना भी अब धीरे-धीरे आगे बढ़ सकता है और किसी महत्वपूर्ण काम की शुरुआत हो सकती है।

**मिथुन**–आज आपकी जुबान आपके लिए वरदान भी बन सकती है और परेशानी का कारण भी, इसलिए बोलने से पहले थोड़ा सोच लें। आपका मनमौजी रवैया परिवार वालों को परेशान कर सकता है। घर में किसी नए मेहमान के आने की खबर से खुशियां बढ़ेंगी। अचानक धन लाभ मिलने से दिन और भी शानदार हो सकता है। अपनी निजी जानकारी हर किसी के साथ साझा न करें, क्योंकि आज कही गई बात आगे परेशानी खड़ी कर सकती है। कारोबार में बदलाव करने का विचार सफलता की नई राह खोल सकता है।

कर्क-आज आपको हर कदम काफी सोच-समझकर उठाना होगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें। संतान के साथ बिताया गया समय रिश्ते में प्यार और अपनापन बढ़ाएगा। अचानक पुराने प्यार से मुलाकात हो जाए तो भावनाएं जरूर जाग सकती हैं, लेकिन भावनाओं में बहकर कोई ऐसा कदम न उठाएं जिससे वर्तमान रिश्तों में तनाव पैदा हो। आज संयम और समझदारी ही आपको हर उलझन से सुरक्षित निकाल सकती है।

सिंह-विद्यार्थियों के लिए आज का दिन किसी अच्छी खबर के साथ मुस्कान ला सकता है। परीक्षा का परिणाम उम्मीद के मुताबिक आने की संभावना है। ऑफिस में बॉस आपके काम के साथ-साथ आपके सुझावों की भी सराहना करेंगे। धन और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होने से जीवन थोड़ा आरामदायक महसूस होगा। अपनी कमजोरियों को पहचानकर उनमें सुधार करेंगे तो सफलता की रफ्तार और तेज हो जाएगी। पड़ोस या आसपास के विवादों में पड़ने के बजाय उनसे दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी।

कन्या-आज उन्नति और नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा मौका मिलने की उम्मीद है। घर के लिए कोई नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का विचार भी पूरा हो सकता है। परिवार में चल रही किसी कलह को सुलझाने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर आ सकती है, लेकिन आपकी समझदारी से माहौल बेहतर होगा। किसी रिश्तेदार के घर दावत या खुशी के मौके पर जाना मन को हल्का करेगा और दिन में अपनापन भर देगा।

तुला-आज आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई महत्वपूर्ण पद या जिम्मेदारी मिलने से सम्मान बढ़ सकता है। परिवार के बड़े सदस्यों के साथ बैठकर किसी अहम फैसले पर चर्चा होगी और उनकी सलाह काफी काम आएगी। संतान की ओर से मिली अच्छी खबर मन को खुशी देगी। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधानी रखें, क्योंकि जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। बच्चों की सेहत को लेकर थोड़ी भागदौड़ भी बनी रह सकती है।

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए लाभ और नए अवसरों से भरा रह सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में किसी बड़े फायदे का रास्ता खोल सकती है। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलने के संकेत हैं और जरूरत के समय आर्थिक मदद भी आसानी से मिल सकती है। संतान के लिए नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। जीवनशैली में बदलाव और कोई नई खरीदारी आपको भीतर से काफी उत्साहित करेगी। आज भविष्य की कोई महत्वपूर्ण योजना भी आकार ले सकती है।

धनु -आज भागदौड़ काफी रहेगी, लेकिन आपकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। आय बढ़ाने के नए रास्तों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। संतान के भविष्य से जुड़े किसी कोर्स या पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद किसी अटके हुए काम को पूरा कराने में मदद करेगा। हालांकि, सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऑफिस में लापरवाही से बॉस नाराज हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े मामलों में भी हर कदम सोच-समझकर उठाना जरूरी होगा।

मकर-आज एक साथ कई जिम्मेदारियां आपके सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी और व्यवस्थित सोच हर काम को सही दिशा देगी। नए काम की शुरुआत में परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने पर बीती यादें फिर से ताजा हो सकती हैं। फिलहाल लंबी यात्रा की योजना टालना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज लिया गया कोई समझदारी भरा फैसला आगे चलकर आपको बड़ा फायदा दे सकता है, इसलिए जल्दबाजी के बजाय दूर की सोच रखें।

कुंभ आज सकारात्मक ऊर्जा आपके साथ रहेगी और मेहनत के अच्छे परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं। यात्रा या घूमने के दौरान कोई खास जानकारी मिल सकती है, जो आगे आपके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। अपनी जिम्मेदारियों को हल्के में न लें। कारोबार का कोई अटका हुआ काम दोबारा गति पकड़ सकता है। किसी को उधार देने से पहले अच्छी तरह विचार करें, क्योंकि पैसा वापस मिलने में समय लग सकता है। घर में धार्मिक या शुभ कार्यक्रम होने से वातावरण सुखद और आध्यात्मिक रहेगा।

मीन-आज कुछ परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती हैं, लेकिन समझदारी से काम लेंगे तो हर मुश्किल का रास्ता निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं, इसलिए बातचीत के दौरान शब्दों का चुनाव सावधानी से करें। संतान की संगति पर नजर रखना जरूरी रहेगा। दूसरों की बातों में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। परिवार की निजी समस्याओं को घर के भीतर ही प्यार और समझदारी से सुलझाना बेहतर होगा, क्योंकि बाहरी दखल बाद में परेशानी बढ़ा सकता है।

अर्थव्यवस्था

# भारत की नई वैश्विक आर्थिक छलांग

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र



वैश्विक स्तरपर आज की दुनियाँ में किसी देश की आर्थिक ताकत का आकलन केवल उसके सकल घरेलू उत्पाद शेयर बाजार के सूचकांकों या विदेशी मुद्रा भंडार से नहीं किया जाता।वास्तविक शक्ति उस देश की इस क्षमता से तय होती है कि वह वैश्विक पूंजी कोकितना आकर्षित कर सकता है, अपनी आपूर्तिश्रृंखलाओं को कितना सुरक्षित रख सकता है,तकनीकी और रणनीतिक क्षेत्रों में कितनी आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है तथा बदलती विश्व व्यवस्था में अपनी आवाज को कितना प्रभावशाली बना सकता है।इसी दृष्टि से वर्ष 2026 भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिखाई देता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अमेरिका यात्रा, ज़ी20 में भारत की सक्रिय भूमिका, ईओएस-05 जैसे अत्याधुनिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह की सफलता,विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड स्तर और आगामी 12-13 सितंबर 2026 नई दिल्ली ब्रिक्स शिखर सम्मेलन,ये सभी घटनाएं अलग-अलग दिखाई देती हैं,लेकिन वास्तव में इनके पीछे एक साझा कहानी हैः भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल भागीदार नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति बनने की दिशा में सटीकता से आगे बढ़ रहा है। साथियों, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की हालिया अंतरराष्ट्रीय आर्थिक कूटनीति इस परिवर्तन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।सरकारी कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त से 2 सितंबर 2026 तक कनाडा और अमेरिका की यात्रा के दौरान उन्होंने निवेशकों, कंपनियों और वित्तीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा अमेरिका में शिकागो, एशविले और न्यूयॉर्क का दौरा किया।एशविले में 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित ज़ी 20 फाइनेंस मिनिस्टर्स एंड सेंट्रल बैंक गवर्नर्स बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना विशेष महत्व रखता है।इसका अर्थ यह है कि भारत वैश्विक आर्थिक संकटों पर प्रतिक्रिया देने वाला देश मात्र नहीं रहना चाहता,बल्कि वैश्विक आर्थिक नियमों, वित्तीय स्थिरता और विकास की दिशा तय करने वाली बातचीत में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। ऐसे समय में जब व्यापार तनाव, ऊर्जा कीमतों, ऋण संकट और भू-राजनीतिक संघर्षों ने वैश्विक निवेशकों के सामने अनिश्चितता बढ़ाई है, भारत का संदेश यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था दीर्घकालिक निवेश, उत्पादन और तकनीकी विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य बनी हुई है।इसका सीधा प्रभाव भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है। जब वित्त मंत्री विश्व के बड़े निवेशकों के सामने भारत की आर्थिक क्षमता, निवेश अवसरों और वित्तीय क्षेत्र की संभावनाओं को प्रस्तुत करती हैं, तो इसका महत्व केवल कूटनीतिक नहीं होता। विदेशी संस्थागत निवेशक किसी बाजार में पैसा लगाने से पहले आर्थिक वृद्धि,मुद्रास्थिरता विदेशी मुद्रा भंडार राजकोषीय स्थिति,नीतिगत स्थिरता और कॉर्पोरेट संभावनाओं को देखते हैं।यदि इन मोर्चों पर विश्वास मजबूत होता है तो भारतीय इक्विटी बाजार में दीर्घकालिक विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ सकताहैहालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि शेयर बाजार लगातार ऊपर ही जाएगा। वैश्विक ब्याज दरें, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड, कच्चे तेल की कीमतें, युद्ध और व्यापार नीतियां भारतीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। इसलिए भारत की कहानी मजबूत होने के बावजूद निवेशकों के लिए जोखिम प्रबंधन उतना ही महत्वपूर्ण रहेगा।

साथियों, इसी आर्थिक कहानी को भारत के रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार ने और मजबूती दी है।28 अगस्त 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11.475 अरब डॉलर बढ़कर 740.803 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां लगभग 600.67 अरब डॉलर और स्वर्ण भंडार लगभग 116.41 अरब डॉलर रहा। यह उपलब्धि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महज एक आंकड़ा नहीं है। विशाल विदेशी मुद्रा भंडार वैश्विक झटकों के सामने सुरक्षा- कवच की तरह काम करता है।यदि डॉलर मजबूत होता है, पूंजी बाजारों में अचानक निकासी होती है या तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार में व्यवस्थित हस्तक्षेप और रुपये में अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित करने की क्षमता देता है। यही कारण है कि रिकॉर्ड रिजर्व भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के मन में भारत की बाहरी वित्तीय स्थिरता को लेकर विश्वास बढ़ा सकता है।रुपये के संदर्भ में भी इसका महत्व अत्यंत बड़ा है।

विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होने से बाजार में यह विश्वास पैदा होता है कि भारत के पास वैश्विक भुगतान दायित्वों और बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सावधानी भी आवश्यक है,उच्च विदेशी मुद्रा भंडार अपने आप में रुपये को स्थायी रूप से मजबूत नहीं बनाता।कच्चे तेल का आयात, अमेरिकी डॉलर की वैश्विक मांग,ब्याज दरों का अंतर और पूंजी प्रवाह जैसे अनेक कारक रुपये की दिशा तय करते हैं। इसलिए रिकॉर्ड रिजर्व को भारत की वित्तीय ताकत का संकेत माना जाना चाहिए,न कि शेयर बाजार या मुद्रा में सटीकता से निश्चित तेजी की गारंटी। साथियो, अब इस आर्थिक तस्वीर में अंतरिक्ष शक्ति को जोड़ना आवश्यक है। ईओएस -05 मिशन भारत की रणनीतिक और तकनीकी क्षमता के विस्तार का संकेत देता है। इसरो के अनुसार जीएसएलवी -एफ़ 17 ने ईओएस -05 को सब -जियोसिंचरोनास ट्रांसफर ओरबिट में स्थापित किया और ईओएस-05 भारत का पहला इमेजिग सटेलाइट है जिसे जियोसिंचरोनास ओरबिट से पृथ्वी अवलोकन के लिए डिजाइन किया गया है। लगभग 36,000 किलोमीटर की ऊंचाई वाले जियोसिंक्रोनस क्षेत्र में पृथ्वी अवलोकन की क्षमता का महत्व केवल सैन्य निगरानी तक सीमित नहीं है। इसका उपयोग मौसम, आपदा प्रबंधन,कृषि,पर्यावरण निगरानी और व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं में किया जा सकता है। इस तरह अंतरिक्ष तकनीक अब भारत की अर्थव्यवस्था का भी हिस्सा बन रही है। साथियों यहां से अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए एक नया क्षेत्र खुलता है।यदि भारत पृथ्वी अवलोकन,संचार,नेविगेशन, लॉन्च सेवाओं, सैटेलाइट डेटा और अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं में अपनी क्षमता बढ़ाता है तो इससे निजी अंतरिक्ष कंपनियों, रक्षा- तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर,सेंसर,सॉफ्टवेयर और डेटा एनालिटिक्स कंपनियों के लिए नए बाजार बन सकते हैं। परिणाम स्वरूप भारतीय शेयर बाजार में केवल पारंपरिक बैंकिंग, आईटी या ऑटोमोबाइल कंपनियां ही नहीं, बल्कि स्पेस-टेक और डीप-टेक से जुड़ी कंपनियां भी भविष्य की निवेश कहानी का हिस्सा बन सकती हैं लेकिन ईओएस-05 की रणनीतिक अहमियत इससे भी आगे जाती है। आज दुनिया में युद्ध की प्रकृति बदल रही है। भविष्य के संघर्षों में जमीन, समुद्र और हवा के साथ अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र की भूमिका लगातार बढ़ सकती है। अमेरिका और चीन के बीच अंतरिक्ष क्षमता, उपग्रह नेटवर्क, संचार, नेविगेशन और पृथ्वी निगरानी को लेकर प्रतिस्पर्धा इसी बड़े बदलाव का संकेत है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह अंतरिक्ष को केवल वैज्ञानिक उपलब्धि न मानकर आर्थिक,रणनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा अवसंरचना के रूप में विकसित करे। यदि भारत ऐसा करता है तो अंतरिक्ष क्षेत्र विज़न 2047 की तकनीकी शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथियों, इसी बीच 12 और 13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में होने वाला 18वां ब्रिक्स सम्मिट भारत की वैश्विक आर्थिक कूटनीति के लिए एक और बड़ा अवसर है। भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और उसका थीम बिल्डिंग फॉर रेसिलिन्स, इन्नोवेशन, कोआपरेशन एंड

सस्टेएबिलिटी रखा गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्षभर में 25 से अधिक शहरों में 350 से अधिक बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसका अर्थ है कि ब्रिक्स केवल नेताओं की एक शिखर बैठक नहीं, बल्कि व्यापार, वित्त, निवेश, तकनीक और विकास सहयोग का विस्तृत मंच बन रहा है। साथियों,ब्रिक्स और ज़ी 7 की तुलना करते समय इसे कौन जीता कौन हारा के सरल प्रश्न में सीमित करना उचित नहीं होगा।ज़ी 7 के पास विकसित गतिशील अर्थव्यवस्थाओं वैश्विक वित्तीय संस्थानों तकनीकी कंपनियों और पूंजी बाजारों में भारी प्रभाव है, जबकि ब्रिक्स का महत्व उभरती गतिशील अर्थव्यवस्थाओं ऊर्जा प्राकृतिक संसाधनों बड़े उपभोक्ता बाजारों और ग्लोबल साउथ की आवाज से जुड़ा है। दोनों समूहों की ताकत अलग-अलग क्षेत्रों में है। असली बदलाव यह है कि विश्व अर्थव्यवस्था अब एकध्रुवीय ढांचे से अधिक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। भारत के लिए यह परिस्थिति चुनौती के साथ- साथ असाधारण अवसर भी है।नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत को ग्लोबल साउथ और विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक सेतु के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देगा। यदि भारत व्यापार, डिजिटल भुगतान, स्थानीय मुद्राओं में कारोबार, ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों, विकास वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग पर व्यावहारिक पहल आगे बढ़ाता है,तो इसका लाभ भारतीय कंपनियों को मिल सकता है। भारतीय बैंकों, डिजिटल भुगतान कंपनियों, इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों, ऊर्जा क्षेत्र, फार्मा, ऑटोमोबाइल, आईटी और विनिर्माण क्षेत्र के लिए नए बाजार खुल सकते हैं। विदेशी निवेशकों के लिए भी भारत का आकर्षण केवल भारत में निवेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुंच का मॉडल बन सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्लि भारत के सामने अवसर बहुत बड़ा है, लेकिन इसे स्वतः मिलने वाली उपलब्धि समझना सबसे बड़ी भूल होगी। वैश्विक अर्थव्यवस्था में पूंजी आज उसी देश की ओर जाती है जहां विकास की संभावना के साथ नीति की विश्वसनीयता, संस्थागत मजबूती और भविष्य की तकनीकी क्षमता दिखाई देती है।भारत के रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक कूटनीति, अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ती क्षमता और ब्रिक्स नेतृत्व ने एक मजबूत आधार तैयार किया है।अब अगला चरण इस आधार को रोजगार उत्पादकता, निर्यात, निजी निवेश, नवाचार और आम नागरिक की आय में बदलने का है।यदि भारत ऐसा करने में सफल रहता है तो 2047 केवल स्वतंत्रता की शताब्दी का उत्सव नहीं होगा, बल्कि उस समय तक भारत विश्व अर्थव्यवस्था का एक निर्णायक केंद्र, वैश्विक पूंजी का प्रमुख गंतव्य और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रभावशाली स्तंभ बन सकता है। यही इन चार घटनाओं का सबसे बड़ा संयुक्त संदेश है, भारत अब वैश्विक अर्थव्यवस्था को केवल देख नहीं रहा; वह उसके अगले अध्याय को आकार देने की तैयारी कर रहा है।

# अंतर्विरोधों से घिरा 'वचन भागवत'

तनवीर जाफ़री



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले दिनों अमेरिका,कनाडा व ब्रिटेन की 17 दिवसीय यात्रा की। इस त्रिदेशीय यात्रा में जहाँ एक तरफ़ बड़ी संख्या में स्थानीय हिंदू और प्रवासी भारतीय संगठनों द्वारा उनका स्वागत किया गया वहीं दूसरी तरफ़ कई संगठनों द्वारा उनका कड़ा विरोध भी किया गया। विरोध करने वाले समूहों व प्रदर्शनकारी संगठनों का आरोप है कि आरएसएस एक अति-दक्षिणपंथी और बहुसंख्यकवादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाला संगठन है, जो भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कई सिविल सोसाइटी समूहों ने संघ के ढांचे को "तानाशाही और सैन्यवादी" क़रार देते हुए इसके वैश्विक प्रभाव पर चिंता जताई। मोहन भागवत का विरोध मुख्य रूप से मानवाधिकार संगठनों, प्रवासी भारतीय अल्पसंख्यक समूहों और कुछ विदेशी राजनेताओं द्वारा किया गया। 'हिंदूज़ फ़ॉर ह्यूमन राइट्स', 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' साउथ एशिया सॉलिडेरिटी ग्रुप और कई अन्य मानवाधिकार संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया। इसके अतिरिक्त न्यूयॉर्क के मेयर ज़ोहरान ममदानी, अमेरिकी सांसद रशीदा तालेब व जिम मैकगवर्न, और ब्रिटिश लेबर पार्टी की सांसद नादिया व्हिटोम ने सार्वजनिक रूप से इस यात्रा का विरोध व आलोचना की। इस विरोध के बीच संघ समर्थकों का कहना है कि मोहन भागवत की यात्रा का उद्देश्य वैश्विक कल्याण, सामाजिक सद्भाव और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के संदेशों का प्रसार करना है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में बीबीसी द्वारा आयोजित 'फ़ेथ लीडर्स कॉन्फ़्रेंस' के दौरान यह कहा कि "जो हिंदू यह मानता है कि मुसलमानों को भारत से बाहर निकाल देना चाहिए, वह हिंदू नहीं रह सकता।"उन्होंने कहा कि 'मुसलमानों को देश से बाहर करने की सोच रखना पूरी तरह से हिंदुत्व के ख़िलाफ़ है'। उन्होंने कहा कि' हिंदू होने का मतलब सभी धार्मिक रास्तों को एक ही लक्ष्य की ओर जाने वाला मानना और हर इंसान की गरिमा को स्वीकार करना है'। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' और " One world-One Humanity" का नारा देते हुए कहा कि विविधता से हमारी साझा पहचान को कोई ख़तरा नहीं होना चाहिए। परन्तु भारत में मोहन भागवत के इस बयान के बाद राजनीतिक बहस छिड़ गई है। जहाँ भाजपा ने इसे हिंदू धर्म की सहिष्णुता और वास्तविक संदेश के रूप में सराहा, वहीं कांग्रेस, और अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि आरएसएस प्रमुख ऐसा ही कड़ा संदेश भारत में अपने कार्यकर्ताओं को क्यों नहीं देते। एक सवाल यह भी है कि आख़िर भागवत को अमेरिका में जाकर यह बात कहनी ही क्यों पड़ी ? दरअसल आलोचकों द्वारा भागवत के बयान को मूल रूप से दो सन्दर्भों में देखा जा रहा है। पहला संघ के मुस्लिम विरोधी वह सिद्धांत जो और किसी के द्वारा नहीं बल्कि स्वयं आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर (गुरुजी) द्वारा लिखित किताब 'बंच ऑफ थॉट्स' में मुसलमानों,ईसाईयों और कम्युनिस्टों को लेकर व्यक्त किये गए हैं। उन्होंने इस पुस्तक के एक विशेष अध्याय, जिसका शीर्षक "आंतरिक ख़तरे" है, में मुसलमानों को लेकर गोलवलकर ने लिखा कि भारत में रहने वाले कई मुसलमानों की निष्ठा भारत के बजाय उन मुस्लिम देशों के प्रति अधिक है जिन्हें वे पवित्र मानते हैं। उन्होंने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक गतिविधियों में शामिल रहती है। उनका मानना था कि मुस्लिम समुदाय ख़ुद को भारत की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा से अलग रखता है, जो देश की अखंडता के लिए चुनौती है। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने भारत की संस्कृति और मंदिरों को नष्ट किया, और वह मानसिकता आज भी पूरी तरह ख़त्म नहीं हुई है।" गोलवलकर के इन विचारों की वजह से ही 'बंच ऑफ़ थॉट्स' की हमेशा तीखी आलोचना होती रही है। सवाल यह है कि इन साहित्यों व संस्कारों के मध्य पला बढ़ा कोई भी स्वयं सेवक और गोलवलकर की विचारधारा का अनुसरण करने वाले लोग उनके इस साम्प्रदायिकतावादी नफ़रती विचारों से स्वयं को दूर कैसे कर सकते हैं ? दूसरा यह कि आज प्रधानमंत्री से लेकर देश के अनेक भाजपाई मंत्रियों मुख्यमंत्रियों बड़े नेताओं व ज़िम्मेदार लोगों द्वारा देश की संसद से लेकर जनसभाओं तक में सरे आम अल्पसंख्यकों को अपमानित किया जा रहा हैं। उन्हें धमकाया जाता है,समुदाय विशेष के लोगों की मॉब लिंचिंग की जाती है,उनके घर मदरसे,चर्च।मस्जिद आदि गिराए जाते हैं या उनमें तोड़ फोड़ की जाती है। कभी मौलवियों कभी पादरियों तो कभी नन्स पर हमले होते हैं। दुनिया भर के अख़बारों में इस संबंध में ख़बरें व लेख प्रकाशित होते हैं। इससे निश्चित रूप से हमारे धर्मनिरपेक्ष देश की बदनामी होती है। सवाल यह है कि इस तरह के कृत्य में शामिल लोगों के लिये क्या आज तक संघ ने कोई सीधा कड़ा सन्देश दिया ? किसी को ऐसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना बातों के लिये भाजपा या संघ से बाहर निकाला गया ? प्रधानमंत्री स्वयं शमशान व क़ब्रिस्तान में अंतर का सन्देश देते हैं। लोकसभा में एक भाजपाई सांसद एक मुस्लिम सांसद को धर्म सूचक गलियां देता है। विश्व हिन्दू परिषद की फ़ायरब्रांड नेता साध्वी प्राची यह कहती हैं कि "जिस दिन भारत में मस्जिदें और मदरसे बंद हो जाएंगे, उस दिन लव जिहाद ख़त्म हो जाएगा और पूरी दुनिया में शांति आ जाएगी।" उन्होंने हिंदुओं से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान करते हुए नारा दिया, "हिंदू घटेंगे तो कटेंगे", जिसमें उन्होंने मुस्लिम आबादी के बढ़ने को हिंदुओं के अस्तित्व के लिए ख़तरा बताया। संघ,परिषद,भाजपा व बजरंग दल के पदाधिकारी अक्सर रैलियों, 'शौर्य यात्राओं' और गो-रक्षण प्रदर्शनों के दौरान सीधे तौर पर मुसलमानों को चेतावनी देते हैं। 'शौर्य सभाओं' के दौरान बजरंग दल के वक्ताओं ने कथित तौर पर खुले मंचों से चेतावनी दी कि "यदि हमारी बेटियों या गायों को नुक़सान पहुंचाया गया, तो 2002 के गुजरात जैसा जवाब दिया जाएगा। समय-समय पर धार्मिक जुलूसों और विरोध प्रदर्शनों में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मुस्लिम समुदाय और 'इस्लामिक जिहाद' के ख़िलाफ़ अत्यधिक भड़काऊ और हिंसक नारेबाज़ी की जाती है। भारत हेट लैब और सिटिज़ेंस फ़ॉर जस्टिस एंड पीस जैसी संस्थाओं की रिपोर्टों के अनुसार, देश में होने वाली मुस्लिम विरोधी हेट स्पीच की घटनाओं में एक बड़ा हिस्सा संघ,विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल से जुड़े संगठनों या नेताओं का होता है। इन बयानों के कारण सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा है और नफ़रत भरे भाषणों को रोकने के लिए सख़्त निर्देश जारी करने पड़े हैं। कई मामलों में इन नेताओं के ख़िलाफ़ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकियां भी दर्ज की गई हैं। ऐसे हज़ारों उदाहरण हैं। तो क्या कभी संघ प्रमुख ने कभी ऐसे नेताओं को चेतावनी दी ? या उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई की ? दरअसल भारत में भागवत की ख़ामोशी और विदेशों में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का उद्घोष ही यह साबित करता है कि 'वचन भागवत' पूरी तरह अंतर्विरोधों से घिरा हुआ है।

## स्मार्ट स्क्रीन और पुराना टेलीफ़ोन

लेखक - अश्विनी कुमार मिश्रा

मैं वही टेलीफ़ोन हूँ  
जो कभी बैठक की शान हुआ करता था  
जिसके तारों में बंधा  
हर रिश्ते का इत्मीनान हुआ करता था।

चिट्ठी सा इंतज़ार लिए  
आती थी जब मेरी हर घंटी  
दौड़ा आता था पूरा कुनबा  
जब कोई दूर से खैरियत कहता था।

डायल के उस पहिये की आवाज़  
और वो भारी पीतल की घंटी  
दूर बैठे अपनों की बातों में  
एक अजब सी सादगी बसती थी।

न ब्लॉक लिस्ट का कोई पहरा था  
न म्यूट का कोई झमेला था,  
सूने कमरे के सन्नाटे में भी  
अपनों का एक प्यारा मेला था।

आज हथेलियों में सिमटी दुनिया  
मगर वो तड़प कहीं खो गई है  
रोशन स्क्रीनों के उजालों में  
दिलों की बातें अब सो गई हैं।

तार भले ही कट गए हों मेरे  
पर यादों में आज भी मुस्कुराता हूँ  
उस गुज़रे हुए सुनहरे दौर की  
गर्माहट चुपचाप याद दिलाता हूँ।

**एक नजर**

### बस्तर के दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षकों को नमन : महेश कश्यप

**जगदलपुर 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस हमें गुरु के प्रति सम्मान और शिक्षा के महत्व का स्मरण कराता है। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की धरती पर शिक्षकों की भूमिका सामान्य परिस्थितियों से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण रही है। नक्सलवाद के कठिन दौर में जब कई क्षेत्रों में भय का वातावरण था, स्कूलों को निशाना बनाया जाता था और बच्चों की शिक्षा बाधित करने का प्रयास किया जाता था, तब भी अनेक शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने के बजाय गांव गांव जाकर बच्चों को पढ़ाया और शिक्षा की लौ जलाए रखी।उन्होंने कहा कि बस्तर के उन शिक्षकों का योगदान सदैव स्मरण किया जाएगा, जिन्होंने नक्सल हिंसा के बीच भी शिक्षा को हथियार बनाया। कई शिक्षकों ने अपनी जान तक गंवाई, लेकिन उनके द्वारा शुरू की गई शिक्षा की यात्रा रुकी नहीं। उनके साहस और समर्पण ने यह साबित किया कि नक्सलवाद बंदूक के बल पर बच्चों के भविष्य को नहीं रोक सकता।सांसद ने कहा कि नक्सलवाद केवल हिंसा की समस्या नहीं थी, बल्कि यह बस्तर के बच्चों को शिक्षा, विकास और मुख्यधारा से दूर रखने वाली विचारधारा भी थी। शिक्षकों ने बच्चों को किताबों से जोड़कर इस विचारधारा को सबसे मजबूत चुनौती दी। शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी में लोकतंत्र, संविधान, विकास और राष्ट्र निर्माण की भावना मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि आज बस्तर नक्सलवाद के प्रभाव से निर्णायक रूप से मुक्त हो चुका है और अब क्षेत्र विकास तथा शिक्षा की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन इलाकों में कभी बंदूक और बारूद का भय था, वहां अब स्कूल, सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और विकास की नई संभावनाएं पहुंच रही हैं। महेश कश्यप ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बस्तर के किसी भी बच्चे की शिक्षा केवल उसके गांव की भौगोलिक स्थिति या अतीत की परिस्थितियों के कारण बाधित न हो।

### जीवन में लक्ष्य तय कर आओ बढ़े, सोशल मीडिया को बाधा नहीं, सहयोगी बनयें : दीपिका सोरी

**सुकमा, 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षकों के योगदान और उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में दीपिका सोरी, कलेक्टर अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य तय करना और उसकी दिशा में लगातार आगे बढ़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे तय करें कि उन्हें भविष्य में क्या बनना है और उसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा कि इसका उपयोग ज्ञान हासिल करने और पढ़ाई के लिए किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि यूट्यूब और गूगल जैसे माध्यम विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं, बशर्ते उनका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह समझना जरूरी है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं या सोशल मीडिया उनका समय उपयोग कर रहा है। सोशल मीडिया लक्ष्य की राह में बाधा नहीं, बल्कि सहयोगी बनना चाहिए। सुकमा कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षक होना केवल एक पद नहीं, बल्कि एक मिशन है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद डॉ. कलाम चाहते थे, कि उन्हें एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, सोच विकसित करते हैं और उनके भविष्य की नींव तैयार करते हैं। उन्होने बस्तर के कठिन और संवेदनशील क्षेत्रों में विपरीत परिस्थितियों के बीच शिक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले शिक्षकों को विशेष रूप से याद किया।

# नवरात्रि से पहले नगर की सभी व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 6 सितंबर।** आगामी शारदीय नवरात्रि एवं अन्य त्योहारी आयोजनों को देखते हुए नगर पंचायत गीदम द्वारा नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने त्योहारो से पहले नगर की प्रकाश व्यवस्था और सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए कमर कस ली है और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर कार्यों को गति दे रहे हैं। नवरात्रि पर्व पर गीदम नगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। माता के दरबारों में रात भर चहल-पहल रहती है, ऐसे में नगर की रौनक और सुरक्षा दोनों ही दृष्टि से स्ट्रीट लाइट और सड़कों का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत ने मुख्य मार्गों पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदलने और नई लाइटें लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। नगर के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों व नगर पंचायत के वार्डमें लगी खराब लाइटों को चिन्हांकित कर उन्हें ठीक किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा नई लाइटें मंगाई गई हैं और जहां लाइटें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, वहां नई लाइटें लगाई जा रही हैं। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि नवरात्रि के दौरान नगर में रात्रि के समय आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिले, इसके लिए प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर अंधेरा रहना नगर की व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। त्योहारी सीजन में नगर की सुंदरता और रौनक भी प्रकाश व्यवस्था से ही बढ़ती है, इसलिए उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से सभी खराब लाइटों को जल्द से जल्द ठीक कराया जा रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि लाइट सुधार कार्य में सबसे बड़ी बाधा स्काईलिफ्ट वाहन की कमी है। स्ट्रीट लाइटें काफी ऊंचाई पर लगी होने के कारण उनकी मरम्मत बिना स्काईलिफ्ट के संभव नहीं है। नगर पंचायत गीदम के पास स्वयं का स्काईलिफ्ट वाहन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कोई लाइट खराब होने पर उसे तत्काल ठीक कर पाना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में नगर पालिका दंतेवाड़ा से दो दिनों के लिए स्काईलिफ्ट वाहन उधार लिया गया है। चूंकि नवरात्रि को देखते हुए दंतेवाड़ा में भी इस वाहन की आवश्यकता है, इसलिए सीमित समय के लिए ही यह सुविधा गीदम को मिल पाई है। नगर पंचायत की टीम इन दो दिनों में अधिक से अधिक खराब लाइटों को दुरुस्त करने में जुटी हुई है। अध्यक्ष सुराना ने कहा कि गीदम नगर पंचायत के लिए स्थायी रूप से एक स्काईलिफ्ट वाहन की सख्त आवश्यकता है। इस संबंध में कलेक्टर से भी अनुरोध किया गया है कि नगर पंचायत को अपना स्काईलिफ्ट उपलब्ध कराया जाए। यदि अपना वाहन होगा तो एक भी लाइट खराब होते ही उसे तुरंत ठीक किया जा सकेगा। साथ ही पेड़ों की कटाई-छंटाई और ऊंचाई पर होने वाले अन्य रखरखाव कार्यों में भी इसका उपयोग हो सकेगा। नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सड़कों की मरम्मत पर भी जोर दिया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से इन गड्ढों को नवरात्रि से पहले तत्काल भरने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर पहले कई बार पेचवर्क और मरम्मत का काम हो चुका है, लेकिन वह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाता। बार-बार पेचवर्क करने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। इसलिए संबंधित विभाग के माध्यम से मुख्य मार्गों का परीक्षण कराकर जहां आवश्यकता है, वहां नई और गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कराया जाना चाहिए। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा, नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले, यह हमारी पहली प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि नवरात्रि से पहले नगर की प्रकाश व्यवस्था, सड़क व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह बेहतर स्थिति में रहें। तत्काल गड्ढों की मरम्मत के साथ-साथ हम स्थायी समाधान के लिए प्रशासन से नई सड़क निर्माण की मांग भी कर रहे हैं, ताकि गीदम की सुंदरता और रौनक बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# 88वें रामनाम सप्ताह में उमड़ा जनसैलाब

## मांदर-ढोलक, मंजीरा झाँझ पर रामधुनी टोलियों के साथ शिवरतन -अश्वनी ने दी संगत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 6 सितंबर।** धर्म नगरी भाटापारा में रविवार को आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। 88 वर्षों से अनवरत चली आ रही श्री अखंड रामनाम सप्ताह की परंपरा के समापन अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा में पूरा नगर राममय हो गया। इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

दोपहर में श्री अखंड रामनाम मंडप से शुरू हुई यह विशाल शोभायात्रा रामसप्ताह चौक से,सदर बाजार, महासती मार्ग, हटरी बाजार होते हुए नगर के अन्य प्रमुख चौको से होकर देर रात मंडप स्थल पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भाटापारा, सिमगा, बिलाईगढ़, कसडोल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों एवं रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित अन्य जिलों से आई लगभग 100 से अधिक भजन मंडलियों ने भाग लिया।



शोभायात्रा के मंडप पहुंचने पर शिवरतन शर्मा ने रथ में विराजमान प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्ति का ऐसा रंग जमा कि शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा खुद को रोक नहीं पाए। दोनों नेताओं ने हाथ में क्रमशः अलग अगल भजन मंडलियो के साथ मांदर, ढोलक, मंजीरा झाँझ लेकर रामधुन गाई और नृत्य किया।

इस आयोजन पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा का श्री अखंड रामनाम सप्ताह पूरे प्रदेश में एक अनोखी और गौरवशाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि 88 वर्षों से चल रहे इस आयोजन के लिए कभी कोई औपचारिक समिति नहीं बनती, कोई चंदा इकट्ठा करने नहीं जाता। केवल 'जय सियाराम' के एक आह्वान पर पूरा नगर एकजुट हो जाता है। यह हमारी सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता की सबसे बड़ी मिसाल है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्री अखंड रामनाम सप्ताह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाटापारा की आत्मा है। उन्होंने कहा,यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि 88 वर्षों से हमारे बुजुर्गों ने इस परंपरा को जीवित रखा है, भाटापारा नगर हमेशा से ही भक्ति और सेवा का नगर रहा है और इस परंपरा को आने वाली पीढ़ी तक ले जाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस ऐतिहासिक आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, राकेश तिवारी, आनंद अग्रवाल, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत,मोहन बांधे, महाबल बघेल, ओम प्रकाश रात्रे, पवन वर्मा, मथुरा यदु, चंद्रमणि तिवारी, नीरा साहू, सहित समस्त मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, नगर पालिका के सभापति, पार्षदगण, एल्डरमैन, ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंच, जनपद सदस्य सहित हजारों की संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### चीनी की बढ़ती कीमतों के विरोध में अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष में दंतेवाड़ा कांग्रेस का 'चीनी सत्याग्रह




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा6 सितंबर।** चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों और इसके चलते आम जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा अध्यक्ष के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष में एक दिवसीय चीनी सत्याग्रह आयोजित किया गया।इस दौरान जिलाध्यक्ष शकील रिज़्वी ने कहा आज की तारीख में आम जनता के साथ ही महंगाई को लेकर हर कोई परेशान और त्रस्त है. भाजपा की केंद्र और राज्य में सरकार के साथ ही जिला,नगर में भी भाजपा की सरकार है. बावजूद इसके महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है।पहले से लोग पेट्रोल डीजल बिजली बिल से परेशान हैं. अब राशन सामान के दाम भी महंगे हो गए हैं.चावल,तेल, शक्कर, गेहूं, दाल और प्याज के दाम भी बढ़ा दिए हैं. अब लोगों का जीना भी मुश्किल हो गया है. रोजगार के अवसर नहीं है. महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है. लोगों की तनख्वाह नहीं बढ़ रही है. बढ़ी हुई महंगाई को लेकर कांग्रेस दिल्ली से लेकर रायपुर तक लड़ाई लड़ रही है। पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता को महंगाई से राहत देने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। चीनी की बढ़ती कीमतों के खिलाफआयोजित यह सत्याग्रह जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का कांग्रेस का प्रयास है।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कमलोचन सेठिया,जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री विवेक देवांगन, जिला महामंत्री अजय मरकाम,जिला महामंत्री जया कश्यप,जिला महामंत्री रविश सुराना,जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, आदिवासी प्रदेश कांग्रेस महासचिव विमल सलाम महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रा शर्मा, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष शंकर कुंजाम, सेवादल अध्यक्ष बुधनी बघेल, जिला कांग्रेस सचिव गौरव गुप्ता,जिला कांग्रेस सचिव जीतेन्द्र कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, पार्षद राधा नाग,अमित कश्यप,रिंकी बेंजाम,राधा साहू,मुन्ना खान, टी.जी स्वामी,राजेश चौरे, ऋषभ सुराना अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस की नौकरी लगाने के नाम पर 30 लाख की ठगी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 6 सितंबर।** जिले के फरसगांव एवं कोंडागांव थाना क्षेत्र के पीड़ितों से बस्तर फाइटर एवं जिला बल में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह मुख्य सरगना एवं उसके एक अन्य आरोपित शत्रुघ्न टंडन निवासी देवरी खुर्द तोरवा बिलासपुर एवं भूधसिंह मरकाम निवासी भारीपारि फरसगांव गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण गिरोह के रूप से कई वर्षों से धोखाधडी ठगी के अपराध में संलिप्त रहे। बेरोजगार युवाओं को पुलिस विभाग में बस्तर फाइटर एवं जिला बल में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए रकम लेकर ठगी करते थे। इन आरोपियों के द्वारा करीबन 15 पीड़ितों के साथ लगभग 30 लाख रुपए की ठगी की गई है।

फरसगांव एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि प्रार्थी यशवंत नेताम निवासी पतोडा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके और इनके साथ राजेंद्र नेताम निवासी भंडार शिवनी के द्वारा इसके साथ एवं इसके अन्य पांच साथियों के साथ आरोपी शत्रुघ्न टंडन ने पुलिस विभाग में बस्तर फाइटर एवं जिला बल में नौकरी लगाने के नाम पर रकम 14 लाख रुपए ठगी करने रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध कमाक 49/2024 धारा 420,34 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी पंचू राम कोर्राम से रकम 03 लाख रुपए धोखाधड़ी करने केरिपोर्ट पर थाना फरसगावं में अपराध क्रमांक 98/2026 धारा 318 (4),3(5) बीएनएस, पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी जगदीश मंडावी से रकम 05 लाख रुपए की ठगी करने के रिपोर्ट पर थाना केशकाल में अपराध क्रमांक 99/2026 धारा 318(4),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि विश्वविद्यालय में 29 एवं 30 सितंबर को होगा यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन

**रायपुर 6 सितंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी तथा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 एवं 30 सितंबर 2026 को छत्तीसगढ़ यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन कृषक सभागार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में किया जाएगा।

### बस्तर के दो शिक्षक राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**जगदलपुर,6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर लोकभवन के 'छत्तीसगढ़ मण्डपम' में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को वर्ष 2025-26 के 'राज्यपाल पुरस्कार' और चार उत्कृष्ट शिक्षकों को 'राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार' से सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने वर्ष 2026-27 के राज्य शिक्षक सम्मान हेतु चयनित 64 शिक्षकों के नामों की घोषणा की। इसी कड़ी में बस्तर के दो शिक्षकों पूर्व माध्यमिक शाला मावलीगुड़ा में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षिका कामेश्वरी कश्यप एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार में संस्कृत व्याख्याता बुधराम कश्यप को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है।




# पुलिस ने दबिश देकर 37 लीटर शराब जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 6 सितंबर।** अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आवापल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शराब दुकान आवापल्ली के पास स्थित एक दुकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की। कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से कुल 37 लीटर 400 मिलीलीटर शराब एवं बीयर जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 सितंबर को की गई। थाना आवापल्ली पुलिस टीम ने शराब दुकान के पास स्थित आरोपी की दुकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान प्रदीप साहू पिता भगवान साहू (37), निवासी स्कूल पारा, आवापल्ली के कब्जे से अवैध रूप से रखी अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद हुई। 117 पाव सुपीरियर व्हिस्की, 33 पाव, बीयर सहित कुल मात्रा 37 लीटर 400 मिलीलीटर जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना आवापल्ली में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की है। थाना स्तर पर विधिवत कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय, बीजापुर के समक्ष पेश किया जा रहा है। आवापल्ली पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के विक्रय, भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



### शिक्षा के प्रहरी सम्मानित, शहीद शिक्षा दूतों के परिजनों को भी नमन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 6 सितंबर।** कक्षा से समाज तक बीजापुर के शिक्षकों ने जिम्मेदारी की नई मिसाल पेश की। शिक्षक दिवस पर कन्या पोटाकेबिन ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह-2026 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 33 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में नक्सली हिंसा के दौर में कर्तव्य निभाते हुए शहादत देने वाले शिक्षा दूतों के परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग को नमन किया गया। वहीं डिजिटल दौर में विद्यार्थियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान से जुड़े शिक्षकों को भी सम्मान मिला। समारोह में अतिथियों ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माता है। बीजापुर जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षकों द्वारा बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना अपने आप में बड़ी जिम्मेदारी है। बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि शिक्षक समाज की वह शक्ति हैं, जो पीढ़ियों का निर्माण करती है। शिक्षक के ज्ञान और संस्कार का प्रभाव विद्यार्थी से निकलकर पूरे समाज तक पहुंचता है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए शिक्षा में नवाचार और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या ने कहा कि बीजापुर के शिक्षकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को प्राथमिकता दी है। शिक्षक बच्चों को ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में आने वाली पीढ़ी के भविष्य का सम्मान है।

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ उनमें आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की उम्मीद पैदा कर रहे हैं।

समारोह का सबसे भावुक और संवेदनशील पक्ष शहीद शिक्षा दूतों के परिजनों का सम्मान रहा। नक्सली हिंसा के दौर में कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शिक्षा दूतों को याद किया गया। अतिथियों ने कहा कि इन शिक्षा दूतों का त्याग केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण की अमिट मिसाल है। उनके परिजनों का सम्मान पूरे समाज की ओर से कृतज्ञता का प्रतीक है। डिजिटल युग में शिक्षक की भूमिका किस तरह बदल रही है, इसकी झलक भी समारोह में दिखाई दी। पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने साइबर जागरूकता अभियान में सक्रिय शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच्चों एवं समाज को बचाने में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# शिक्षक दिवस पर पुलिस ने दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 06 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बीजापुर पुलिस ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, सुरक्षा बल के जवानों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव का पाठ पढ़ाया। छत्तीसगढ़ पुलिस के प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मैं हूं साइबर शिक्षक–साइबर शिक्षा से ही साइबर सुरक्षा थीम पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार मीणा और अमन झा के निर्देशन में साइबर सेल एवं विभिन्न थाना प्रभारियों ने विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों से अवगत कराया। जागरूकता कार्यक्रमों में पुलिस ने नागरिकों को स्पष्ट रूप से समझाया कि बैंक OTP, ATM PIN, UPI PIN, CVV, पासवर्ड अथवा किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। WhatsApp, SMS या सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाले संदिग्ध लिंक तथा.क्क फाइलों पर क्लिक नहीं करने और मोबाइल एप्लीकेशन केवल आधिकारिक.श्रश्न स्न्नशह्द्ग अथवा Play Store से डाउनलोड करने की सलाह दी गई।




पुलिस ने फर्जी कॉल के जरिए पुलिस, CBI, बैंक अधिकारी या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर डराने वाले साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील की। लोगों को बताया गया कि कोई वास्तविक सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के जरिए 'डिजिटल अरेस्ट' कर पैसे जमा करने का आदेश नहीं देती।

कार्यक्रमों में सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड और Two-Factor Authentication का उपयोग करने, अनजान मोबाइल एप्लीकेशन को अनावश्यक परमिशन नहीं देने तथा सार्वजनिक Wi-Fi का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने की जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने शिक्षकों से विद्यार्थियों के बीच साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाने की अपील की। शिक्षकों को 'साइबर शिक्षक' की भूमिका निभाते हुए बच्चों के साथ-साथ उनके परिवार और समाज को भी ऑनलाइन अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने शिक्षक दिवस पर आयोजित साइबर जागृति अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट भी किया है। उन्होंने कहा कि यदि वे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी के शिकार होते हैं तो घबराने के बजाय तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। साथ ही cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

विधायक विक्रम मंडावी ने नागरिकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से छत्तीसगढ़ पुलिस के साइबर जागृति अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। अभियान के पोस्टर में दिए गए क्र्यूआरकोड को स्कैन कर 'जागरूकता की एक सेल्फी' ली और उसे सोशल मीडिया पर साझा कर अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील किया। बीजापुर पुलिस का संदेश है–सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। साइबर अपराध के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार साइबर जागरूकता है।

### बस्तर में मातागुड़ी,देवगुड़ी एवं मंदिर से हमारी आस्था एवं भावना का जुड़ाव: किरण देव

**जगदलपुर, 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व व अथक प्रयास से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की बयार बह रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनता के मांग के अनुरूप चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनभावनाओं के साथ जनमानस के मांग के अनुरूप हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे है। जिसके तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के प्रयास से एक और बड़ी सौगात विधानसभा क्षेत्र में माता गुड़ी एवं मंदिरों के उन्नयन एवं स्वागत द्वार विकास कार्य के लिए बस्तर विकास प्राधिकरण से राशि 200 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# आईएसबीएम विवि में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 6 सितम्बर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अधिष्ठाताओं, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। श्रीमद् भागवत गीता का उदाहरण देते हुए बताया कि छात्र जब कभी अवसाद की स्थिति में होता है तो उन्हें शिक्षक ही अवसाद से मुक्ति दिलाता हैं। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र एवं नैतिक मूल्यों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि एक समर्पित शिक्षक अपने ज्ञान, अनुभव एवं संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा प्रदान करता है।

इसी क्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत एवं अभिभावक की भूमिका निभाते हैं। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास एवं मार्गदर्शन का संबंध विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों के अनुभव एवं मार्गदर्शन का लाभ लेकर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इसी क्रम में अकादमिक अधिष्ठाता ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में शोध, नवाचार, रचनात्मकता एवं आलोचनात्मक चिंतन की भावना विकसित करना आवश्यक है। सभी छात्र एक चेंज मेकर्स है। इस विश्वविद्यालय के प्रत्येक व्यक्ति एक शिक्षक की भर्ती है और अपने कर्तव्यों का पालन करते है

इसी क्रम में परीक्षा नियंत्रक ने अपने संबोधन में कहा कि निष्पक्ष मूल्यांकन, अनुशासन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। विद्यार्थियों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने में शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में विज्ञान अधिष्ठाता ने कहा कि विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों द्वारा भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट की गई।

## समाचार संक्षेप

### सिंधी समाज की महिलाओं ने सुआ गीत किया पर नृत्य

**थदड़ी महापर्व पर छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति**



**रायपुर, 6 सितंबर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला विंग द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी थदड़ी महापर्व के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महादेव घाट, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम माँ संतोषी माता मांदर वाली के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका सुश्री आरू साहू रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अमरचंदानी जी, मनीष पंजवानी एवं देवानंद शर्मा जी मंच पर आसीन रहे। सिंधी समाज के घरों में कल नहीं जला था चूल्हाः सिंधी समाज में थदड़ी पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन शीतला सप्तमी के रूप में मनाया जाता है, जिसमें एक दिन पहले बना हुआ ठंडा भोजन ग्रहण किया जाता है और घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता। यह परंपरा माता शीतला को समर्पित है और परिवार की सुख-समृद्धि व स्वास्थ्य के लिए मनाई जाती है। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने 'नशा मुक्त भारत' के विषय पर अपने प्रेरणादायक विचार रखे। समिति द्वारा समाज में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु समिति की अध्यक्ष डिंपल शर्मा को ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बंजर पड़ी जमीन में पर ग्राफ्टेड बैंगन और टमाटर की खेती से किसान ने कमाए 4.25 लाख रुपये



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 सितम्बर।** लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झारआमा के किसान एतवार साय पैकरा ने आधुनिक तकनीक और उद्यानिकी विभाग की सलाह से खेती में नई मिसाल कायम की है। पहले खेती के लिए अनुपयोगी पड़ी जमीन पर ग्राफ्टेड बैंगन और टमाटर की खेती कर उन्होंने 187 क्विंटल उत्पादन से 4.25 लाख रुपये की आमदनी अर्जित की। खेती की लागत निकालने के बाद किसान को 2.80 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। किसान की जमीन गांव से दूर जंगल के पास होने के कारण यहां खेती करना आसान नहीं था। साथ ही सिंचाई की सुविधा का भी अभाव था। उद्यानिकी विभाग की सलाह पर किसान ने भूमि का समतलीकरण कराया और सिंचाई के लिए ड्रिप तथा मल्चिंग तकनीक अपनाई। इससे खेती के लिए अनुपयोगी पड़ी जमीन का बेहतर उपयोग संभव हुआ। वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसान ने 0.400 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन एवं ग्राफ्टेड टमाटर की खेती की। टमाटर से करीब 87 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे बेचकर 1 लाख 75 हजार रुपये की आमदनी हुई। वहीं बैंगन से करीब 100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर 2 लाख 50 हजार रुपये की आय अर्जित की।

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक पात्र-अपात्र सूची जारी

**बालोद, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के पश्चात प्रारंभिक पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आवेदनों की छंटनी के उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सूची में शामिल किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर 11 सितंबर 2026 तक कार्यालयीन समय में अपनी दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा कार्यालयीन ईमेल आईडी दीउइंसवक2025/हउंपसणबवउ के माध्यम से अपनी आपत्ति भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर 2026 को शाम 05.30 बजे के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन या दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही अभ्यर्थी पात्र-अपात्र सूची तथा इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर प्राप्त कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को गुड टच, बैड टच, साइबर क्राइम व बाल अधिकारों की दी गई जानकारी

**बालोद, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के आदेश व मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में गुरूर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फागुनदहा में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं मिशन शक्ति द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम 2012 किशोर न्याय बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच, बैड टच, साइबर क्राइम तथा बाल अधिकारों की जानकारी प्रदान करते हुए किसी भी प्रकार के शोषण या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एल एस रावटे, शिक्षक-शिक्षिका एवं मिशन शक्ति से दिनेश्वरी सिन्हा, जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिन्हा, आउटरीच वर्कर नूतन एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सीईओ चंद्रवंशी ने ली जनपदवार समीक्षा बैठक

**बालोद, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपदवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में विकसित भारत-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तथा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद पंचायत से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया गया। इसके साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण कार्य और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सीईओ चंद्रवंशी ने अधिकारियों को लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुँचाने और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान करने तथा पुराने वित्तीय वर्ष के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में मांग अनुरूप कार्यों को प्रारंभ करते हुए श्रमिकों को नियोजित करने के निर्देश दिए। जिससे वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप मानवदिवस सृजित किया जा सके। उन्होंने विशिष्ट कार्य अंतर्गत स्वीकृत बालिका शौचालय निर्माण, मुक्तिधाम शेड सह प्रतिक्षालय निर्माण एवं डिफ्ंग बोरवेल रिचार्ज कार्यों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने संबंधी निर्देश दिए।

**कॉलोनाइजरों की मनमानी पर जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन**

# नामांतरण से लेकर प्लॉट बिक्री तक खंगाले जाएंगे पूरे रिकॉर्ड

- **2015 से 2026 तक स्वीकृत कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस भूमि की जांच शुरू, 15 दिनों में मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट**
- **रायगढ़, बोईरदादर, बड़े रामपुर, अतरमुड़ा, छातामुड़ा, मिट्ठूमुड़ा से विजयपुर और सांगीतराई तक जांच का दायरा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 सितम्बर।** जिले में कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए निर्धारित भूमि के प्रावधानों के पालन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक जांच के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर वर्ष 2015 से 2026 तक स्वीकृत कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस भूमि के आरक्षण, नामांतरण, मौके की वास्तविक स्थिति तथा संबंधित भूखंडों के उपयोग और विक्रय की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा।

कलेक्टर ने पत्र जारी कर रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ तथा जिले के सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर और शासकीय अभिलेखों के आधार पर विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए है। साथ ही उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश रायगढ़ को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को 15 दिनों की समय-सीमा दी गई है। प्रशासन प्रत्येक स्वीकृत कॉलोनी की अलग-अलग जांच करेगा। अधिकारियों को यह पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत ले-आउट के अन/ुसार ईडब्ल्यूएस भूमि वास्तव में मौके पर आरक्षित है या नहीं, निर्धारित ईडब्ल्यूएस भूखंडों का उपयोग नियमानुसार किया गया या नहीं, पात्र हितग्राहियों को भूखंड दिए गए या किसी अन्य को बेचे गए, निर्धारित भूमि का नामांतरण संबंधित सक्षम प्राधिकारी अथवा नगरीय निकाय के पक्ष में हुआ या नहीं तथा जहां भूमि आरक्षित नहीं है अथवा नियमों के अनुरूप स्थिति नहीं पाई जाती है, वहां जिम्मेदारी किसकी बनती है। प्रत्येक कॉलोनी की कुल भूमि, ईडब्ल्यूएस हेतु निर्धारित भूमि, मौके की स्थिति, नामांतरण और विक्रय की जानकारी के साथ विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।

वर्ष 2015 के स्वीकृत प्रकरण में मेसर्स गणपती रियालिटी सक्ती की लामीदरहा एवं संजय भूषण पाण्डेय व दीपक अग्रवाल की ग्राम सहसपुर स्थित कॉलोनी में स्वीकृत प्रावधानों का वास्तविक रूप से पालन हुआ या नहीं तथा मौके पर भूमि और निर्माण की स्थिति की जांच की जाएगी। वर्ष 2016 में केशव टाउनशीप प्राइवेट लिमिटेड की बोईरदादर स्थित कॉलोनी एवं शौर्य प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की बड़े रामपुर स्थित कॉलोनी के प्रकरण में ईडब्ल्यूएस भूमि और नामांतरण से जुड़े अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा। वर्ष 2017 में आकर्षण बिल्डर्स की जगतपुर स्थित कॉलोनी, मेसर्स एलायंस डेवलपर्स की छातामुड़ा स्थित कॉलोनी, भाटिया वाटिका की ग्राम मिट्ठूमुड़ा स्थित कॉलोनी और पी.जी. इंटरप्राइसेस की बड़े अतरमुड़ा स्थित कॉलोनी भी जांच सूची में है, जहां ईडब्ल्यूएस भूमि और नामांतरण से जुड़े अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा।

वर्ष 2019 में दया सागर मिश्रा की बड़े अतरमुड़ा स्थित कॉलोनी, सांई ग्रुप की बेन्द्राचुंआ स्थित कॉलोनी और शौर्य प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की बड़े रामपुर स्थित कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस भूमि, आश्रय शुल्क और नामांतरण से जुड़े अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा। वर्ष 2020 में बड़े अतरमुड़ा स्थित दया सागर मिश्रा और हलधर चौधरी के प्रकरणों में आश्रय शुल्क संबंधी प्रविष्टियां की जाएगी। वहीं छोटे अतरमुड़ा में मेसर्स जय मां दुर्गा डेवलपर्स, गोवर्धनपुर में मेसर्स वैद्यनाथ बिल्डर्स की कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस भूमि, आश्रय शुल्क, वास्तविक स्वामित्व और नामांतरण से जुड़े अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा।

**9 प्रतिशत विकसित भूखंड और ईडब्ल्यूएस प्रावधानों की स्थिति की जांच की जाएगी**

वर्ष 2024 में बोईरदादर में अनिल गोयल, जोरापाली में सांई आनंद विहार, बेलादुला में रूपचंद अग्रवाल, बड़े रामपुर में ओम साईं बिल्डर्स, मिट्ठूमुड़ा में एच.पी. डेवलपर्स, सांगीतराई में मेसर्स टियान्स बिल्डर्स, अमलीभौना में आर.आर. डेवलपर्स, बेलादुला में शंकर अग्रवाल, बड़े अतरमुड़ा में पी.जी. इंटरप्राइसेस के प्रकरणों में 9 प्रतिशत विकसित भूखंड और ईडब्ल्यूएस प्रावधानों की वास्तविक स्थिति की जांच की जाएगी। वर्ष 2025 में बेलादुला में एलायंस डेवलपर्स, विजयपुर में सांई आनंद विहार, छोटे अतरमुड़ा में श्याम डेवलपर्स, बड़े अतरमुड़ा में कैलाश अग्रवाल व हाईटेक बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, दरोगामुड़ा में नितिन गोयल तथा दरोगामुड़ा और कोसमनारा में बालाजी डेवलपर्स, के प्रकरण जांच के दायरे में हैं। इन कॉलोनियों में 9 प्रतिशत विकसित भूखंडों के प्रावधान और वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। वर्ष 2026 में स्वीकृत नवीनतम कॉलोनियों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। जांच सूची में कौहाकुंडा में बालाजी प्रोजेक्ट्स, विजयपुर में सालासार बिल्डकॉन, सुरेश रोहड़ा, नीरज अग्रवाल और दीपक एक्का के प्रकरण शामिल हैं, जहां 9 प्रतिशत विकसित भूखंडों से संबंधित स्थिति की जांच की जाएगी। वहीं सांगीतराई में टियांश कैपिटल सिटी फेस-3/टियांश बिल्डकॉन के प्रकरण में ईडब्ल्यूएस भूमि के नामांतरण की स्थिति की जांची जाएगी। कलेक्टर ने कहा है कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित भूमि का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को नियमानुसार लाभ पहुंचाना है। स्वीकृत कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जांच के माध्यम से अभिलेखों और मौके की वास्तविक स्थिति का तथ्यात्मक सत्यापन कराया जा रहा है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वित्त मंत्री ने पीएम स्कूल भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**1.21 करोड़ की लागत से बनेगा स्कूल भवन, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा पीएम स्कूल**



**रायगढ़, 6 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने पुसौर विकासखंड के कोड़ातराई में पीएम स्कूल भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। करीब 1.21 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्कूल भवन से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर हेमलता हरिशंकर चौहान, सदस्य जिला पंचायत भाग्यवती डोलनारायण नायक, सदस्य जनपद पंचायत गोपी चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। शिक्षक बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देने तक सीमित न रहें, बल्कि उनमें नई सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भीतर इनोवेशन और स्टार्टअप की सोच विकसित करना जरूरी है। वित्त मंत्री चौधरी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज में ज्ञान और जागरूकता के विस्तार की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों में सवाल पूछने, सीखने और कुछ नया करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दें।

**सकरबोगा में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं:** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज सबेरे सकरबोगा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं और स्थानीय जरूरतें सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र की प्राथमिक जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की प्राथमिकताएं लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तय की जा रही हैं।

### प्रेम करने की नहीं होने की अवस्था है: अक्षय मुनि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 6 सितम्बर।** मनुष्य की पीड़ा ऐसी है कि हमेशा अंदर से आवाज आती है कि मैं ऐसा हो जाऊं ,वैसा हो जाऊं, कितना कुछ हो जाने के बाद भी यही पीड़ा हमेशा रहती है। बीमारी कहां है और हम कहां इलाज करते हैं। सबके अंदर में प्रेम होता है। महावीर , राम , कृष्ण के जमाने में भी लोग चर्चा करते रहते थे और आज भी इस जमाने में भी लोग सिर्फ चर्चा करके रह जाते हैं। हर व्यक्ति के अंदर प्रेम रहा हुआ है। पर प्रेम विचारों से पैदा नहीं होता है प्रेम करने की नहीं होने की अवस्था है। अपनी पीड़ा को पहचानो पर हम पहचान नहीं पाते, सिर्फ उत्तेजना व संवेदना व्यक्ति के पास दो चीज है। उत्तेजना यानी प्रतिक्रिया, संवेदना व्यक्ति को जागरूक व सजग बनाती है। गुरु के पास जाए तो संवेदना जगा कर ही जाना , व्यक्ति उत्तेजना में जाएगा तो आदमी को एक बार नीचे जाना ही होगा, हर इंसान की यही दशा है। व्यक्ति अपने ज्ञान से दुनिया देख रहा है जैसी स्थिति होगी वैसी ही दुनिया दिखेगी। जिंदगी में जब सक्रिय रहेंगे तो आकर्षक जिंदगी जीवन मिलेगा। उक्त उद्गार चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला की कड़ी में समता भवन बालोद में शासन दीपक श्रीअक्षयमुनि जी मसा ने कहा।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी टेमार्य को कलेक्टर ने अवकाश और भविष्य निधि की राशि भेंट कर दी विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 6 सितम्बर।** संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नरोत्तम सिंह टेमार्य के अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 31 अगस्त 2026 को जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने टेमार्य को सेवानिवृत्ति के अवसर पर अवकाश नगदीकरण एवं भविष्य निधि की राशि भेंट कर उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि नरोत्तम सिंह टेमार्य ने वर्ष 1995 से विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं। नवीन जिला बालोद के गठन के पश्चात वे स्थानांतरित होकर जिला कार्यालय बालोद में पदस्थ हुए। वर्ष 2014 से वे कलेक्टर के निज पदस्थापना शाखा में कार्यरत रहे तथा जिले में पदस्थ विभिन्न कलेक्टरों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हुए। समारोह में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला कार्यालय परिवार की ओर से नरोत्तम सिंह टेमार्य को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने टेमार्य के सरल, सहज एवं अनुशासित व्यक्तित्व तथा कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पित कार्यशैली की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ लंबे समय तक सेवाएं देना अपने आप में सराहनीय है। उन्होंने टेमार्य के स्वस्थ, सुखमय एवं उवल भविष्य की कामना की।

**कुरूद में धूमधाम और अगाध आस्था के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

# एक से एक सुमधुर भजन सुनकर झूमे श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 5 सितंबर।** नगर सहित समूचे वनांचल व ग्रामीण अंचल में जगत के पालनहार, मुरली मनोहर भगवान श्रीकृष्ण का पावन जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि जैसे ही घड़ी की सुइयों ने 12 बजाए, संपूर्ण क्षेत्र ÷हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की÷ और ÷नंद घर आनंद भयो÷ के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। नगरवासियों ने अपने-अपने घरों और देवालयों में लड्डू गोपाल का मनमोहक श्रृंगार कर, माखन-मिश्री का भोग अर्पित करते हुए पूरे विधि-विधान से भगवान का स्वागत किया।

नगर के प्रमुख समाजसेवी नवल किशोर केला के निवास में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन आलौकिक भक्ति भाव एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का नयनाभिराम व मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन पाकर भक्तजन भावविभोर हो उठे। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उत्सव में भक्ति रस का संचार करते हुए श्याम मित्र मंडल, कुरूद के सुमधुर भजन गायकों ने भजनों की अमृत वर्षा की। कन्हैया के बाल स्वरूप की लीलाओं और श्याम बाबा के भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते और थिरकते रहे। पूरा परिसर भक्ति के अलौकिक रंग में रंगा नजर आया और वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया।

ठीक रात्रि 12 बजे शंखनाद, घंटा-घड़ियाल और झांझ-मंजीरों की मंगल ध्वनि के बीच भगवान की भव्य महाआरती उतारी गई। जन्म की दिव्य बेला में भक्तों ने प्रभु के बाल रूप का वंदन किया। महाआरती के उपरांत पंजीरी, माखन-मिश्री और पंचामृत के महाप्रसाद का वितरण उपस्थित एवं देर रात तक दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच किया गया।

इस पावन और भक्तिमय आयोजन में मुख्य रूप से विजय केला, हरीश केला, राजेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, संजय केला, गुलशन अग्रवाल, हितेन्द्र केला, चंदन शर्मा, सौरभ महावर, राजू महावार सहित नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। देर रात तक चले इस भक्तिमय महोत्सव ने पूरे नगर को श्रीकृष्ण प्रेम के आनंद में सराबोर कर दिया।

# जन्माष्टमी पर महापौर ने दी विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 सितम्बर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सामुदायिक भवन तथा कृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का आज लोकार्पण कर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज के इस शुभ दिन इन कार्यो का लोकार्पण करने तथा शंकरपुर व नवागांव में भगवान कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का मुझे अवसर मिला। शिव नगर वासियों की मांग थी कि विभिन्न आयोजनो के लिए सामुदायिक भवन बने, उसी प्रकार यादव समाज के लोगो की मांग थी कि महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास साढ़ादेव कृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए। शिव नगर वासियो एवं यादव समाज के लोगो की भावना के अनुरूप निर्माण किया गया और आज इस शुभ दिन में इसका लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यादव समाज का इस्ट देव मंदिर में समाज की आस्था जुडी है, इसका जीर्णोद्धार करना सौभाग्य की बात है। इसी प्रकार सामुदायिक भवन का उपयोग विभिन्न आयोजनो के लिए किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शंकरपुर व नवागांव में नये मंदिर में कृष्ण भगवान का प्राण प्रतिष्ठा आज के दिन होना वार्डवासियो के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस पावन अवसर पर कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए श्री कृष्ण के आदर्शो पर चल भक्ति आराधना के इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने की अपील की।

नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 43 फारेस्ट कालोनी के पास शिव नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार धार्मिक न्यास योजनांतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास साढादेव कृष्ण मंदिर का ढोलपुर पत्थर लगाकर जीर्णोद्धार किया गया। जिसका आज महापौर श्री यादव ने पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। साथ ही शंकरपुर एवं नवागांव में निर्मित कृष्ण मंदिर में कृष्ण प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल होकर महापौर ने पूजा अर्चना किया।

सामुदायिक भवन लोकार्पण अवसर पर छ.ग. केश शिल्प कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री देवशरण सेन, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, वरिष्ठ सभापति व वार्ड पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव,पार्षद श्री हेमंत शेखर यादव, श्री मनोहर यादव, श्रीमती अमृता सिन्हा,श्री सेवक राम उईके, श्री डुरेन्द्र साहू, यादव समाज के अध्यक्ष श्री गरीभा राम यादव सहित श्री सुदेश यादव, श्री अमन यादव, श्री प्रेमशंकर यादव, किरण यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर भवन के पास महापौर ने वृक्षारोपण भी किया। इसी प्रकार महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का महापौर श्री यादव ने समाजिक बंधुओ की उपस्थिति में सपत्निक पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। इसी कडी में उन्होने शंकरपुर कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में पार्षद श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, समाज के अध्यक्ष श्री उत्तम यादव के साथ तथा बजरंगपुर नवागांव में कृष्ण प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा में प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री राहुल चैबे के साथ शामिल होकर पूजा अर्चना किए।

## एक नजर

### ग्राम बीजाभांठा में अवैध मुरुम उत्खनन की शिकायत मिलने पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभांठा में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थित का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम बीजाभांठा के कुछ ग्रामीणों की सहमति से अमलीडीह टोलागांव निवासी संजय कठोलिया को उत्खनन के लिए दिया गया है। उत्खनन के दौरान ग्राम बीजाभांठा के भांठा तालाब के लगभग 15.20 फीट पार (मेड) को तोड़ दिया गया है। खनिज मुरूम को बिना वैध अनुमति के अन्यत्र उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। मौके से चैन मांउटेन सिरियल नंबर एसपी 20-68034, मॉडल नंबर ईएक्स 200-5जी एवं चैन माउंटेन लोडर वाहन नंबर सीजी 04 जेडी 1520 को जप्त कर ग्राम पंचायत सरपंच को सुपुर्द कर दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार डोंगरगांव, पटवारी, खनिज विभाग की टीम एवं ग्रामीण उपस्थित थे। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### सिमगा में यादव समाज ने धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**सिमगा 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही राधे-श्याम मंदिर में भजन-कीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। यादव समाज की टोली ने नगर में घूम घूमकर मोहल्लों में लगी दही हांडी फोड़कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की एक दूसरे बधाई दी ।दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही और पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। झांकी राधे-श्याम मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो एवं स्थानों से होते हुए आगे बढ़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का स्वागत किया। सदर रोड में झांकी पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, राजा तिवारी, नागेश साहू सहित साथियों ने भगवान श्रीकृष्ण और यादव समाज का स्वागत किया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और पर्व की खुशियां साझा कीं। शोभायात्रा के दौरान महिला, पुरुष और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए भक्ति में झूमते नजर आए। श्री कृष्ण के जयकारों जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। समाज के लोगों ने विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। यादव समाज के लोगों ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पावन पर्व है, जिसे समाज द्वारा हर वर्ष श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यादव समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज के सभी लोगों का विशेष योगदान रहा।

# दही हांडी हमें एकता, सहयोग और टीम भावना की शक्ति का संदेश देती है : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 6 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में आयोजित विशाल दही हांडी उत्सव में शामिल हुए। उत्सव में उमड़े जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री ने गोविंदाओं की टोलियों का उत्साहवर्धन किया और प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दही हांडी का उत्सव भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की स्मृतियों को जीवंत करने के साथ हमें एकता, सहयोग और टीम भावना की शक्ति का संदेश भी देता है। माखन चुराने वाले नटखट कान्हा की बाल लीलाएं आज भी हर मन में आनंद, प्रेम और भक्ति का भाव जगाती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दही हांडी केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिकता की शक्ति का सुंदर प्रतीक है। हांडी तक पहुंचने वाला गोविंदा अकेले उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचता। उसके नीचे खड़े प्रत्येक साथी का विश्वास, सहयोग और सामर्थ्य उसे ऊपर तक पहुंचाता है। जब सभी एक लक्ष्य के लिए मिलकर प्रयास करते हैं, तभी कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। यही संदेश हमें समाज और प्रदेश के विकास के लिए भी प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन हमें जीवन जीने की कला और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण की सीख देता है। ग्वालबालों के प्रिय सखा के रूप में उन्होंने प्रेम और मित्रता का संदेश दिया, द्वारका के नेतृत्वकर्ता के रूप में कुशल नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत किया और कुरुक्षेत्र में सारथी बनकर पूरी मानवता को कर्मयोग का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन की प्रत्येक भूमिका को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाया। उनका जीवन हमें परिस्थितियां कैसी भी हों, अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश प्रभु श्रीराम का ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मभूमि है। भगवान श्रीराम ने वनवास का लंबा समय छत्तीसगढ़ की पुण्य धरा पर बिताया। आज जिस अबूझमाड़ क्षेत्र को हम जानते हैं, वह रामायण काल के विशाल दंडकारण्य का हिस्सा रहा है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी स्मृतियां और स्थल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को विशेष गौरव प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और श्रद्धालुओं को प्रमुख तीर्थ स्थलों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन का अवसर मिल रहा है। अब तक छत्तीसगढ़ के 50 हजार से अधिक श्रद्धालु इस योजना के माध्यम से अयोध्याधाम जाकर रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से राज्य के वृद्धजनों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जा रही है। योजना के अंतर्गत अब तक 10 हजार से अधिक श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान है। राज्य सरकार सुरभि गोधाम योजना के माध्यम से गौवंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देवी-देवताओं की कृपा से समृद्ध पुण्यभूमि है। प्रदेश पर भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा रही है। कबीरधाम में भोरमदेव और राजिम में कुलेश्वर महादेव जैसे प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिव मंदिर हमारी आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। जशपुर का मधेश्वर पहाड़ अपनी अद्भुत प्राकृतिक संरचना के कारण विशेष पहचान रखता है और इसे विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में मान्यता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती पर मातृशक्ति के अनेक प्रसिद्ध शक्तिपीठ और आस्था केंद्र भी विद्यमान हैं। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी, रतनपुर में मां महामाया, दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी और चंद्रपुर में मां चंद्रहासिनी के धाम प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा के प्रतीक हैं। हमारी सरकार इस गौरवशाली धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशाल दही हांडी उत्सव में भक्ति, उल्लास और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गोविंदाओं की टोलियों ने पूरे जोश के साथ दही हांडी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक श्री लखबीर सिंह लक्खा और लोकप्रिय गायक श्री बी प्राक ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। भक्तिमय गीतों और भजनों के बीच पूरा आयोजन स्थल श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्री अनुज शर्मा एवं श्री ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजीव लोचन महाराज, रायपुर नगर निगम की अध्यक्ष श्रीमती मीनल चौबे, श्रीमती वीणा सिंह, श्रीमती कौशल्या देवी साय सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## राधा-कृष्ण के रंग में रंगा एनएसएम स्कूल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी , 6 सितंबर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व से एक दिन पूर्व एनएस एम पब्लिक स्कूल , अंबागढ़ चौकी में स्वर्ग से मथुरा - वृंदावन उतर आया । परियों सी सुंदर नन्हीं बच्चियों ने राधा बनकर बाल स्वरूप कान्हा को खूब रिझाया । अपने बाल साखाओं के साथ क्रीड़ा करते हुए नन्हें कृष्ण की बांसुरी से निकली मधुर धुन के आगे राधा की पायल खुद ही छनछन कर पग पैजनिया की तर्ज पर नृत्यांगना हो गई । इतने कृष्ण और इतनी राधाओं को देख मन मयूर नाच उठा । एनएसएम पब्लिक स्कूल में आज जन्माष्टमी का पर्व धूम - धाम के साथ मनाया गया । पूर्व सूचना पर पालकों ने अपने बच्चों को राधा - कृष्ण के रूप में सजाकर स्कूल भेजा । बालों में फूलों की माला गूंथ जिस प्रकार राधा आकर्षक मुद्रा में प्रकट हुई उसी तरह हाथों में सुरीली बांसुरी के साथ आए श्रीकृष्ण ने भी अपने रूप रंग से खूब लुभाया । सुंदर नृत्य की प्रस्तुति ने स्कूल परिसर को मथुरा - वृंदावन में तब्दील कर दिया । दही - हांडी आयोजन को नया रूप देते हुए बच्चों ने मटकी में भरी जायकेदार चॉकलेट को उसी तर्ज में मटकी फोड़कर लूटा जैसे दही लूटी जाती है । नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे ने पूरे वातावरण को धर्ममय और आनंदित करने वाला बना दिया । संस्था प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि एनएसएम पब्लिक स्कूल बच्चों को हर आयोजन में त्योहारों एवं पर्वो के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें सांस्कृतिक और ऐतिहासिक घटनाक्रमों की जानकारी प्रदान करने का हर संभव प्रयास करती आ रही है । सभी बच्चों को चॉकलेट वितरण के साथ आयोजन का समापन किया गया ।

## शिक्षक समाज के मार्गदर्शक: सुरेश एच. लाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी, 6 सितंबर।** भारतवर्ष के द्वितीय राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती अवसर पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस पर नांदगांव शिक्षा मंडल , राजनांदगांव के अध्यक्ष सुरेश एच लाल की उपस्थिति में एन एस एम पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का सम्मान किया गया । डॉ.राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर सर्व प्रथम उच्च शिक्षा पूर्व प्राचार्य डॉ.आर एन सिंह का शॉल श्रीफल प्रदान कर संस्था के शिक्षकों ने सम्मान किया । शिक्षक दिवस के अवसर पर एन एस एम पब्लिक स्कूल , अंबागढ़ चौकी के शिक्षकों सहित स्टाफ के सम्मान के लिए अध्यक्ष सुरेश एच लाल के नेतृत्व में डॉ.आर एन सिंह ( प्रशासक ) सहित कार्यकारिणी सदस्य अशोक कोटाडिया एवम महेंद्र लूनिया ने अपनी महत्व पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई । संस्था के विद्वान शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. आर एन सिंह को सम्मान प्रदान किया गया । अपने उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज में सबसे अलग होती है । वही बच्चों को उनके भविष्य की राह दिखाता है । इसी क्रम में डॉ आर एन सिंह ने एक छोटे बच्चे की शिक्षक के प्रति सम्मान भावना को सुंदर उदाहरण से स्पष्ट किया । सदस्य अशोक कोटडिया ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए बड़ा उपहार है । सदस्य महेंद्र लूनिया ने कहा कि शिक्षक उस रबर की तरह है जो गलतियों को पल भर में मिटा देता है । अंत में संस्था प्राचार्य ने अपने शिक्षकों की भूमिका को सराहते हुए उन्हें फ्रंट लाइन का बड़ा समाज सुधारक बताते हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की ।

### आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रेम नारायण नायक ने लहराया परचम

**राजनांदगांव 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में पदस्थ वाणिज्य व्याख्याता प्रेम नारायण नायक ने भारत सरकार के आई गॉट कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर अपनी उत्कृष्ट कार्य कुशलता और सीखने की लगन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। श्री नायक ने कर्मयोगी कोर्स में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान , तथा बलौदा बाजार भाटापारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर नवा रायपुर स्थित महानदी भवन (मंत्रालय)में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री विकास शील द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। अप्रैल 2026 से अगस्त 2026 के बीच श्री नायक ने निरंतर अध्ययन करते हुए 1,000 से भी अधिक पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूर्ण किए। इस अवधि के दौरान उन्होंने 950 से अधिक सीखने के घंटों का उपयोग कर 8,000 से अधिक कर्मा पॉइंट अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में ही श्री नायक ने आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध कुल 145 पाठ्यक्रमों को एक साथ पूर्ण कर यह मुकाम हासिल किया था।उन्होंने कुल पूर्ण पाठ्यक्रम: 1000, अधिनिर्णीत कर्मा पॉइंट्स: 8000 एवं कुल अधिगम 950 घंटे अर्जित किया है।श्री प्रेम नारायण नायक की इस उपलब्धि से न केवल सिमगा विकासखंड बल्कि पूरे बलौदा बाजार जिले के शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर है।

## 898 मतदाता चुनेंगे हनफी मस्जिद का मुतवल्ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव 6 सितंबर।** छ.ग राज्य वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार हनफी मस्ज़िद गोलबाजार के मुतवल्ली का चुनाव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव की अध्यक्षता मे 10 जुलाई 2026 को चुनाव समिति का गठन किया गया है। तत्पश्चात् एसडीएम महोदय द्वारा चुनाव संचालन हेतु तहसीलदार राजनांदगांव को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया व चुनाव कार्यक्रम जारी कर मतदाता सूची मे दावा आपत्ति निराकरण कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 02 अगस्त 2026 को किया गया। 13 एवं 14 अगस्त 2026 को नामांकन फार्म वितरण किया गया जिसमे दो प्रतिभागियो द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर नामांकन फार्म प्राप्त कर 17 एवं 18 अगस्त 2026 को रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन फार्म प्रस्तुत किया गया। मुस्लिम समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफ़ज़ल अली नें बताया की रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्क्रूटनी की गई जिसके पश्चात् निर्धारित समय मे किसी भी प्रतिभागी द्वारा नाम वापसी नही लिए जाने के फलस्वरूप दिनांक 20 अगस्त 2026 समय 05 बजे चुनाव चिन्ह का आबंटन श्री प्यारे लाल नाग, रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार द्वारा किया गया। उक्त प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से दो प्रतिभागी जनाब मोहम्मद जावेद अंसारी, भरकापारा को पतंग छाप एवं जनाब मोहम्मद हसन कुरैशी, भरकापारा को तराजू छाप आबंटित किया गया। दोनो प्रतिभागियो के मध्य दिनांक 06 सितम्बर 2026 को निशात मंजिल मुस्लिम जमात खाना मे सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक मस्जिद क्षेत्र के कुल 898 मतदाताओ के द्वारा हनफी मस्जिद गोलबाजार के मुतवल्ली का चुनाव किया जावेगा। मतदाताओ से निवेदन है कि आप मुतवल्ली चुनाव मे अपनी भागीदारी मतदाता के रूप मे जरूर दर्ज करवाए, और ज्यादा से ज्यादा मतदान करे। उक्त प्रक्रिया मे श्री राकेश नागवंशी, सहा.रिटर्निंग ऑफिसर तथा राजगामी सम्पदा के आबिद बेग सहायक के रूप मे एवं चुनाव समिति के सदस्य सोहेल रिजवी, मो. रफी, इमरान खॉन, डॉ. तहजीब, मोहसिन कुरैशी, तालिब जोया, अमन बीबा, अब्दुल रहीम बंटी व प्रतिभागियो के प्रस्तावक एवं समर्थक मौजूद रहे।

# आयुक्त ने स्वच्छता रखने,मवेशी पकड़ने,अतिक्रमण हटाने पर दिया जोर

■ प्रतिदिन सुबह स्वयं कर रहे मानिटरिंग, अगस्त माह में आयुक्त ने 27 दिन किया मार्निंग विजिट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 सितंबर।** शहर में स्वच्छता कायम रखने, स्वास्थ्य सेवाओ में गुणात्मक सुधार लाने के लिए निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम द्वारा प्रतिदिन सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई निरीक्षण कर सफाई में सुधार की दिशा में कार्य करने कर्मचारियो को दिशा निर्देश देने के साथ साथ, सफाई में अवरोध अतिक्रमण हटवा रहे है तथा मवेशियो को दुर्घटना से बचाने मवेशी धरपकड अभियान की मानिटरिंग भी कर रहे है। इसके अलावा सड़क के गड्ढो में पेचवर्क करा मरम्मत भी कराया जा रहा है। अगस्त माह में आयुक्त श्री मरकाम 31 दिन में सुबह 27 दिन सफाई निरीक्षण कर प्रदेश के निकायो में सबसे ज्यादा मारनिंग विजिट करने वाले अधिकारियो की श्रेणी में प्रथम थे।

आज के सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री मरकाम ने गंज चैक से नंदई चैक क्षेत्र में सफाई का जायजा लेकर रोड के दोनो किनारे तक सफाई करवा झिल्ली पन्नी उठवाए। इस दौरान उन्होंने नागरिको, होटल व अन्य व्यवसायियो तथा ठेला खोमचा वालो को साफसफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा रोड या नाली के उपर अतिक्रमण नही करने समझाईस भी दिये। उन्होने सफाई अमला से कहा है कि प्रमुख मार्ग को ध्यान में रखकर सफाई में जोर देते हुए निर्धारित समय अवधि तक सफाई कार्य करना सुनिश्चित करे। बारिश का पानी की निकासी करावे, गंदगी करते पाये जाने पर संबंधित पर जुर्माना लगावे। उन्होंने स्वास्थ्य अमला से कहा कि साफसफाई में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। सफाई के साथ साथ आयुक्त श्री मरकाम अतिक्रमण हटवाने भी लगे हुए है, अतिक्रमण की शिकायत या अतिक्रमण दिखने पर स्वयं स्थल पहुच हटवाने की कार्यवाही कर रहे है। कल उनके द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटवाकर सफाई कराया गया। उन्होंने निगम अमला से कहा कि नाली के उपर या रोड में अतिक्रमण पाये जाने एवं मटेरियल व मलमा रखे दिखने पर तत्काल कार्यवाही करे। बारिश में सुगम आवागमन के लिए सड़को के गड्ढो में पेचवर्क कर मरम्मत करने का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता में जोर देने दिशा निर्देश दे रहे है, जिससे आवागमन में सुविधा हो। इसी प्रकार दुर्घटना से बचाने निगम के मवेशी धरपकड अभियान अमला द्वारा चैक चैराहो में बैठे व विचरण करते मवेशियो को उठाया जा रहा है, उसकी निरंतर मानिटरिंग कर रहे है और मवेशियो के गले में रेडियम पट्टी लगा उनके सिंग में रेडियम

### शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित, विद्यार्थियों ने संभाली शिक्षण की कमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 6 सितंबर ।** शिक्षक दिवस पर शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में शनिवार को विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर एक दिन के लिए कक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभाली। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य, भाषण और विशेष गतिविधियों से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विशेष प्रस्तुतियां दीं तथा गुरु-शिष्य संबंध के महत्व को अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर श्री कमल सोनी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उनके ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व एवं भविष्य आकार लेता है। प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन में हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहता है। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती स्मिता सोनी, श्री अभिषेक जैन, श्री फिरोज कुरैशी, श्री मोरजध्वज साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्यों के समर्पण और योगदान की सराहना की। समारोह ने विद्यालय में सम्मान, कृतज्ञता और गुरु-शिष्य परंपरा की भावना को और मजबूत किया।

### नगर में स्वागत बाद अमित बघेल ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**सिमगा 6 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल शनिवार को सिमगा पहुंचे। उनके नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया।



इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अमित बघेल ने कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। इसके बाद उनका काफिला ग्राम बसाकरा पहुंचा। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में अमित बघेल के आगमन को लेकर खासा उत्साह नजर आया। उन्होंने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने और स्थानीय स्तर पर गतिविधियों को विस्तार देने पर जोर दिया। बसाकरा के बाद अमित बघेल कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने कबीर साहेब जी के दर्शन किए और नारियल भेंट कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। अमित बघेल के पूरे दौरे के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। स्वागत के दौरान पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




देश की दूसरी महिला वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण(पहली वित्त मंत्री इंदिरा गाँधी, पीएम के साथ) ने पिछली बार प्याज़ की क़ीमत बढ़ने पर कहा था 'मैं तो प्याज़ खाती ही नहीं' हाल में शक्कर की क़ीमत बढ़ने पर एक टीवीं की एंकर रुबिका लियाकत ने हद कर दी, उनका कहना है -यदि देश के 130 करोड़ लोग रोज एक चम्मच चीनी(शक्कर) कम खाएं तो हर रोज करीब 58 लाख किलो चीनी बचती है... ?ज़ब सोना महँगा हुआ तो कहा गया कि सोना मत खरीदो, जरूरत क्या है? पेट्रोल महँगा हुआ तो कहा गया यात्रा कम करो, घूमने की जरूरत क्या है।चीनी के दाम बढ़े तो कहा जा रहा है मीठा कम खाओ, वैसे भी चीनी सेहत के लिए अच्छी नहीं है। भविष्य में शायद हमें यह भी सुनने को मिल सकता है साँस थोड़ी कम लिया करो! जीने की जरूरत क्या है ...? एक व्यक्ति आराम की अवस्था में प्रति घंटे लगभग 15 लीटर शुद्ध ऑक्सीजन इस्तेमाल करता है। यदि 145 करोड़ लोग दिन में एक घंटे सांस रोक लें, 2,175 करोड़ लीटर ऑक्सीजन की बचत एक दिन में हो सकती है।मतलब 21.75 अरब लीटर होता है दूसरी ओर आमतौर पर एक स्वस्थ पेड़ प्रतिदिन 230 लीटर ऑक्सीजन देता है, माना जाता है।इस हिसाब से 21.75 अरब लीटर ऑक्सीजन बचाने से 9.46 करोड़ पेड़ कटने से खत्म ऑक्सीजन की क्षतिपूर्ति होती है, इस दौर में जैसे पेड़ काटे जा रहे हैं। आगे भी कटते रहने को कोई रोक नहीं सकता। ऐसे मे 145 करोड़ लोग एक-एक घंटे सांस रोक लें, बचत लगभग 9.5 करोड़ पेड़ काटने के बराबरऑक्सी जन की कमी को पूरा कर देगी।

# मैंने दीवार पर क्या लिख दिया खुद को एक दिन... बारिशें होने लगी मुझको मिटाने के लिये...

### 'करकाभाट' महापाषाण भारत का 'स्टोनहेंज'

बालोद जिले में दफ़न करीब 5 हजार साल पुराना प्रागैतिहासिक इतिहास अब वैश्विक सुर्खियां बटोर रहा है। मुख्यालय से 16 किमी दूर बालोद -धमतरी मार्ग पर 'करकाभाट महापाषाणिक कब्र समूह' को देख हाल ही में छत्तीसगढ़ पहुंची दक्षिण कोरियाई वैज्ञानिकों की टीम भी हैरान रह गई। इंग्लैंड के प्रसिद्ध स्टोन जैसी अनूठी संरचना के कारण विशेषज्ञ अब इसे भारत का स्टोनहेंज कह रहे हैं।पुरातत्वविदों की मानें तो समूचे एशिया का सबसे बड़ा महा पाषाणिक कब्र समूह है, जो कि प्राचीन आदिम समाज की बेजोड़ इंजीनियरिंग, खगोलीय ज्ञान का जीता-जागता प्रमाण है।10 किमी दायरे में फैले ऐतिहासिक स्थल पर 5 हजार से अधिक प्रागैतिहासिक कब्रें मौजूद हैं।देश में इस तरह के स्थल केवल मणिपुर, नागालैंड, पड़ोसी देश अफ़गानिस्तान में मिले हैं, विशालता के मामले में करकाभाट सबसे आगे है। यहां एकल, सामूहिक, संयुक्त रूप से 7 श्रेणियों की कब्रें पाई गई हैं। कई टन वजनी पत्थरों को पिरामिड की तरह एक के ऊपर एक बेहद कुशलता से सजाया गया है।सबसे विस्मयकारी यह है, हर पत्थर को सिर्फ एक तरफ से तराशा गया है, तराशा हुआ हिस्सा हमेशा उत्तर दिशा की ओर रहता है। इसके अलावा, पूर्व-पश्चिम दिशा में झुके पाषाण स्तंभ इशारा करते हैंकि आदिमकाल के लोग सूर्य की गति से समय और मृत्यु के कालक्रम की गणना करते थे।1990-91 में दिल्ली- रायपुर पुरातत्व विभाग द्वारा की गई संयुक्त खुदाई में लोहे के प्राचीन हथियार और काले-लाल मृदभांड (मिट्टी के बर्तन) मिले थे। इसके बाद पुरातत्व वेत्ता प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा के शोध, पास के कुलिया- कनेरी गांव में खुदाई से 30 बहुमूल्य सोने के सिक्के प्राप्त हुए। इनमें से 25 सिक्के नल राजवंश के राजा भवदत्त, महेंद्रदित्य के काल के हैं, जिन्हें वर्तमान में रायपुर संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।पुरातत्व विभाग के संरक्षण, फेंसिंग के दावों के बावजूद अनमोल धरोहर उपेक्षा की शिकार है।






### तेलंगाना पर छत्तीसगढ़ का 2 हजार करोड़ का बिजली बिल बकाया...

छत्तीसगढ़ से तेलंगाना को बिजली आपूर्ति के करीब 2 हजार करोड़ ? के भुगतान का विवाद नियामक आयोग पहुंच गया है। 6 साल से अटके इस भुगतान को ले छग की बिजली कंपनी ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की है।आयोग ने तेलंगाना सरकार को 10 सितंबर को सुनवाई में उपस्थित होकर पक्ष रखने का निर्देश दिया है।भुगतान विवाद सुलझाने दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से बात चीत होती रही है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। बिजली कंपनी की ओर से कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद तेलंगाना सरकार से अपेक्षित जवाब नहीं मिला।इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के माध्यम से मामले को आगे बढ़ाने निर्णय लिया गया। डॉ. रमनसिंह सर कार के कार्यकाल में छग-तेलंगाना के बीच बिजली खरीद-बिक्री का समझौता हुआ था, इसके तहत छग की बिजली कंपनी ने अलग अलग अवधि में तेलंगाना को एक हजार मेगावाट तक बिजली की आपूर्ति की थी।यह कोरबा मड़वा ताप विद्युत संयंत्र से भेजी जातीथी, शुरुआती दौर में भुगतान नियमित रहा, बाद में तेलंगाना बिजली बोर्ड ने बिलों का भुगतान रोक दिया।



### और अब बस...

- » कांकेर से भाजपा सांसद भोजराज नाग ने दावा किया कि उन्होंने नींबू काटकर बारिश रोक दी! सांसद के अजीब दावा सुन सीएम साय भी ठहाके लगा हंस पड़े....
- » भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के सड़क हादसे के बाद नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को भाजपा निराधार बताते हुए कहा ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।
- » पूर्व सीएम भूपेश के ओएसडी के घरों में ईडी के छापों की जमकर चर्चा है।

## एक नजर

### रेलवे वेंडरों से साफ-सफाई पर ध्यान देने की अपील

**रायपुर, 6 सितम्बर।** रेलवे खान पान सेवा ठेकेदारी कर्मचारी कल्याण संघ की एक बैठक रेलवे स्टेशन रायपुर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष ऋषि कुमार उइके के द्वारा की गई। उक्त बैठक में संस्था एवं सम्मानित सदस्यों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा व विचार किया गया है। साथ ही अध्यक्ष महोदय के अपनी संस्था के सभी सम्मानित सदस्यों से अपील की गई कि रेलवे स्टेशन रायपुर में कार्यरत सभी सम्मानित वेंडर गण अपने अपने कार्य स्थल पर नियमानुसार साफ़सफई पर विशेष ध्यान देवे व किसी भी रेलयात्रियों से अधिक पैसा न लेवे न ही कार्य के दौरान कार्य स्थल पर किसी प्रकार के नशे का सेवन न करें। कार्य स्थल पर अनुशासन में रहते हुए नियमानुसार कार्य करें। आज की बैठक में प्रमुख रूप से आनन्द दुबे राजेश देवांगन अजय यादव विपिन पटेल राजकुमार पटेल दयाराम सोनकर सुरेश सिंह ठाकुर राम कैलाश पटेल संपत दुबे पवन शंकर मिश्र सुनील पटेल विजय देवांगन कांशीराम जयसवाल मनीष सेन सहित अन्य गण उपस्थित रहे।

### जोगेश बने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी

**रायपुर, 6 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जोगेश लाम्बा को भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने कहा कि लाम्बा का संगठनात्मक अनुभव एवं कुशल नेतृत्व प्रकोष्ठ को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेशभर में प्रभावी ढंग से कार्य करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सफ्ल होगा।



### कांग्रेस के आंतरिक लोकतंत्र की खुली पोल

**रायपुर, 6 सितम्बर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने मुंगेली में युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव के दौरान सामने आए फर्जी मतदान के गम्भीर मामले को लेकर कांग्रेस संगठन पर तीखा प्रहार किया है। टिकरिहा ने कहा कि जो कांग्रेस पार्टी देश में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देती नहीं थकती, उसके अपने आंतरिक चुनाव में लोकतंत्र की सरेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने कहा कि मुंगेली में युवा कांग्रेस चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश से दो युवतियों और सात युवकों को बुलाकर सर्किट हाउस में ठहराया गया और उनसे अवैध रूप से फर्जी वोटिंग कराई गई। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों द्वारा सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराना यह सिद्ध करता है कि कांग्रेस में सिर से पैर तक भ्रष्टाचार और छल-कपट भरा हुआ है। आज जो कांग्रेस अपने ही संगठन के भीतर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव नहीं करा सकती, तो यह स्पष्ट हो गया है कि वह प्रदेश और देश के युवाओं का प्रतिनिधित्व करने का नैतिक अधिकार पूरी तरह खो चुकी है। टिकरिहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के वास्तविक युवाओं के अधिकारों को छीनकर फर्जीवाड़े के दम पर पद हथियाने का यह षड्यंत्र कांग्रेस की मूल कार्यप्रणाली को उजागर करता है।

# विप्र कॉलेज में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस समारोह को बनाया यादगार



**रायपुर, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने अपने जीवन में शिक्षक की भूमिका का महत्व बताते हुए समस्त शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संस्मरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य और गान के माध्यम से गुरु वंदना ने समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक की ही इच्छा होती है कि उनका विद्यार्थी उनसे आगे निकले। विद्यार्थी की सफलता ही शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का सहयोग लें। महाविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ .कैलाश शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ .दिव्या शर्मा, डॉ. आराधना शुक्ला और मोहित श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## केवीजीयू में शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर, 6 सितंबर।** कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी (केवीजीयू), रायपुर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस 2026 उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कृष्णा विकास ग्रुप के प्रबंध निदेशक विवेक दसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाई. नरसिम्हुलु, कुलसचिव डॉ. रितेश देवांगन, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. दीपक मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप सोनकर, सीबीएसई प्राचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता, आईबी प्राचार्य भारतन शाह और केवीटीएस भिलाई की प्राचार्य बबीता ठाकुर सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विवेक दसारी ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही किसी भी संस्थान की असली ताकत होते हैं। प्राचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता, बबीता ठाकुर और भारतन शाह ने भविष्य के लिए तैयार विद्यार्थियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कुलपति प्रो. वाई. नरसिम्हुलु ने अपने संबोधन में शिक्षकों से शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर विचार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन आईक्यूएसी की निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। समारोह में शिक्षण के प्रति समर्पण, उत्साह और उद्देश्य को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।



## एआई कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर, 6 सितम्बर।** कैट महिला विंग के प्रदेष अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेष कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग, रायपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विशेष शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डिजिटल एवं एआई विशेषज्ञ एकता ठाकुर द्वारा आयोजित एआई कार्यशाला रही। कार्यशाला में प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के उपयोग, उसके आधुनिक कार्यक्षेत्र में महत्व तथा दैनिक जीवन और व्यवसाय में इसके उपयोग के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। एकता ठाकुर ने सरल एवं प्रभावी तरीके से बताया कि किस प्रकार एआई के माध्यम से कार्यों को अधिक आसान, तेज और प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

## रायपुर के ज्वेलर्स को मिलेंगे कारोबार बढ़ाने के नए मौके

**रायपुर, 6 सितम्बर।** ज्वेलरी कारोबार से जुड़े व्यापारियों के लिए नए खरीदारों से जुड़ना, नए प्रोडक्ट देखना और कारोबार बढ़ाने के मौके तलाशना जरूरी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जयपुर ज्वेलरी शो ने अपने दिसम्बर 2026 में होने वाले द दिसंबर शो के लिए रायपुर में प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया, जिसमें ज्वेलर्स को शो में मिलने वाले कारोबार से संबंधित मौकों की जानकारी दी गई। रायपुर सराफा एसोसिएशन के सहयोग से शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के ज्वेलरी और सराफा कारोबारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जेजेएस-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और कारोबारियों को शो में शामिल होने के फायदों से अवगत कराया गया। जेजेएस-2026 का आयोजन 22 से 25 दिसंबर तक जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी), जयपुर में होगा। उक्त कार्यक्रम में रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष धरम चंद भंसाली, सचिव जितेंद्र गोलछा और कार्यक्रम संयोजक अशोक बरड़िया मौजूद रहे। वहीं, जयपुर ज्वेलरी शो की ओर से चेयरमैन राजीव जैन और मानद सचिव कमल कोठारी ने प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान, जेजेएस चेयरमैन राजीव जैन ने प्रेजेंटेशन के जरिए शो की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर और जेम्स एंड ज्वेलरी कारोबार में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेजेएस-2026 में शामिल अलग-अलग सेक्शनों और कारोबारियों के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में भी बताया।



# 183 वरिष्ठ शिक्षकों का हुआ सम्मान

**रायपुर, 6 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज, छत्तीसगढ़ एवं अशासकीय प्राचार्य मंच, रायपुर नगर के संयुक्त तत्वावधान में आज रंग मंदिर प्रेक्षागृह, गांधी चौक, रायपुर में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह (वर्ष 2026-27) का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से आए 183 वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा जी, उपाध्यक्ष–राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ शासन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण शर्मा जी, संरक्षक एवं पूर्व मंत्री, मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ शासन ने की।



समारोह में विशिष्ट अतिथि कांति लाल जैन, प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ तथा राजेश कुमार राजपूत, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडल, रायपुर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज में शिक्षकों का सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में समर्पित किया है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा जगत और समाज का सम्मान है। विशिष्ट अतिथियों ने भी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण एवं सेवाभाव की प्रशंसा की। समारोह में उपस्थित शिक्षकों ने इस आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज एवं अशासकीय प्राचार्य मंच, रायपुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# काफिले से सुरक्षा हटाना लापरवाही नहीं, सुनियोजित साजिश : महंत

**रायपुर, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने झीरम घाटी मामले में आए ताजा अदालती फैसले और तत्कालीन परिस्थितियों को लेकर सामने आए पूर्व उप मुख्यमंत्री के बयानों पर गहरी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। डॉ. महंत ने कहा कि झीरम घाटी का नरसंहार महज एक नक्सली हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक आपराधिक साजिश थी, जिसमे हमने अपने अग्रिम पंक्ति के नेताओं विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित 30 से अधिक जवानों और कार्यकर्ताओं की शहादत हुई है, जिसके असली सूत्रधार आज भी बेनकाब होने बाकी हैं।



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, खुफ्रिया इनपुट के बावजूद सुरक्षा में चूक क्यों, इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा स्पष्ट लिखित सूचना दी गई थी कि क्षेत्र में नक्सलियों की हलचल है। इसके बावजूद जगदलपुर से सुकमा मार्ग के अति-संवेदनशील क्षेत्र में एक भी सुरक्षाकर्मी क्यों तैनात नहीं था? डॉ. महंत ने कहा कि, प्रशासनिक स्तर पर पूर्व सूचना पहले से दी गयी थी, कांग्रेस पार्टी की ओर से काफ्लि के प्रस्थान, मार्ग और उसमें शामिल शीर्ष नेतृत्व की विस्तृत जानकारी डीजीपी से लेकर स्थानीय एसपी तक को विधिवत दी गई थी। इसके बाद भी पूरे रूट को सुरक्षा-विहीन किसके आदेश पर छोड़ा गया..?

डॉ. महंत ने कहा कि, सुरक्षा वापसी पर जवाबदेही और पूर्व उप मुख्यमंत्री का यह बयान बेहद गंभीर है कि उस संवेदनशील क्षेत्र में कोई सुरक्षा बल मौजूद नहीं था। यह स्वतः स्पष्ट करता है कि काफ्लि को जानबूझकर मौत के मुंह में धकेला गया। डॉ. महंत ने कहा कि, झीरम हमले पर आए अदालती फैसलों से केवल जमीनी स्तर के आरोपियों तक प्रक्रिया सीमित रह जाती है, जबकि इस जघन्य हत्याकांड के पीछे मौजूद 'आपराधिक राजनीतिक षड्यंत्र' की तह तक पहुंचना अभी बाकी है। डॉ. महंत ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं, विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित 30 से अधिक जवानों और कार्यकर्ताओं की शहादत का कर्ज अभी बाकी है।

## रामकृष्ण इंस्टीट्यूट में मनाया गया शिक्षक दिवस




**रायपुर, 6 सितम्बर।** रामकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंस, रायपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े रायपुर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित शिक्षकों तथा गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का संस्थान की ओर से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर. एस. गुरुदीवान सर रहे। उनके साथ डॉ. ए. के. शुक्ला, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, मृत्युंजय दुबे, श्री नरेंद्र तिवारी, श्री मणिधर दिवान, महेंद्र चौबे एवं श्रीमति स्मारिका नितिन राजपूत सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ अरुणा चौबे डॉ. मुक्ति मिश्रा, डॉ. किरण गजपाल, डॉ. प्रकाश सलूजा, अशोक खरे, अर्चना खरे, गोपाल शुक्ला, सविता मिश्रा एवं प्रेमलता यादव का भी सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में अजय नायडू, अमित चौबे, सौम्य चौबे, एवं ज्योति शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने, निरंतर सीखते रहने तथा चिकित्सा एवं नर्सिंग जैसे सेवा-प्रधान क्षेत्रों में मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर, 6 सितम्बर।** रेडियंट स्टार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल धरसींवा में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अंजय शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर की सभापति सरोज चंद्रवंशी, नगर पंचायत कुंवरगढ़ (कुरा) के अध्यक्ष गोविंद राम साहू, धरसींवा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, ओम साईनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष भगवती शंकर साहू, जनपद पंचायत धरसींवा की सभापति पूजा अश्वनी वर्मा तथा ग्राम पंचायत धरसींवा के सरपंच साहिल खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय शुक्ला ने सेवानिवृत्त शिक्षकों गायत्री पटेल (चरौदा), गुलाब सिंह साहू (परसतराई), भगवती प्रसाद देवांगन (कुंवरगढ़-कुरा), द्रौपती वर्मा (मोहदी), छगन लाल शर्मा (गोढ़ी) एवं रामपहल साहू (परसतराई) का सम्मान किया। अतिथियों ने शिक्षकों के शिक्षा एवं समाज निर्माण में योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26